संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार 23 अप्रैल 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जर्मनी में भारतीय प्रवासियों के साथ एक सामूहिक तस्वीर में।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 113 पृष्ठ: 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com

राष्ट्रीय संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा, 'हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते। यह सोच सही नहीं है। अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तो वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है।

**धार्मिक आस्था के 66 मामले**

सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और



जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। केंद्र ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

**सुप्रीम टिप्पणी**

**सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई।**

**रोहतगी ने कहा- जो लोग केस से जुड़े नहीं उन्हें चुनौती देने का अधिकार नहीं होना चाहिए**

एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा, किसी भी व्यक्ति को धार्मिक रीति-रिवाजों को चुनौती देने का अधिकार तब तक नहीं होना चाहिए, जब तक कि उसका उनसे सीधा जुड़ाव न हो। अगर ऐसी कोई चुनौती दी जानी है।

## ममता ने जांच में दिया दखल, लोकतंत्र को खतरे में डाला: कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट बोला-जांच में ममता का दखल, लोकतंत्र को खतरा: कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था; ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं

**ममता को फटकार**

**कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान है और मतदान से ठीक पहले इस तरह की तस्वीरें उसे और पस्त कर देग**

**टीम एक्शन इंडिया**

आईप-पैक रेड मामले में ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के बीच उट सीएम बनर्जी के दखल को गलत ठहराया। कहा- किसी भी राज्य का सीएम ऐसा करता है तो यह लोकतंत्र को खतरे में डालना है। जस्टिस कुमार ने कहा- यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है। दरअसल इसी साल 8 जनवरी को एऊकी टीम ने आईपैक- हेड प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। छापेमारी के बीच ममता प्रतीक के घर पहुंच गईं थीं और कुछ दस्तावेज लेकर चली गईं। ईडी ने ममता बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों पर जांच में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

**ममता की 4 दलीलें**

ममता की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील रखी। उन्होंने कहा- ईडी को जांच करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। यह सिर्फ उनका काम है, अधिकार नहीं। ईडी का अधिकारी जब काम कर रहा है, तो वह सिर्फ 'सरकारी कर्मचारी' है। वह अपने विभाग से अलग किसी अधिकार का दावा नहीं कर सकता। ईडी ने कहा कि उनके अधिकारों का उल्लंघन हुआ। ऐसा नहीं है, क्योंकि अधिकारी सिर्फ ड्यूटी निभा रहा है, मौलिक अधिकार का सवाल ही नहीं उठता। ईडी खुद एक ताकतवर एजेंसी है वह खुद को 'जनता का रक्षक' बताकर कोर्ट में नहीं आ सकती।



**आई-पैक के सर्वे पर टीएमसी के टिकट कटे**

बंगाल में टीएमसी के मौजूदा करीब 33 प्रतिशत विधायकों के टिकट काटने के फैसले के पीछे आई-पैक का सर्वे आधार था। इसने बंगाल के 93 हजार पोलिंग बूथों के लिए एक लाख शैडो एजेंट्स तैयार किए थे। हालांकि, पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा- हम संसद में दूसरी बड़ी विपक्षी पार्टी हैं। 5 एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं। सभी ठीक हैं। पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि टीएमसी संगठन 4 स्तर पर काम कर रहा है।

**2021 के चुनाव में:** ममता के लिए आईपैक ने रणनीति बनाई। उन्होंने फर्म को संगठन का काम दिया। प्रत्याशी चयन, बूथ लेवल मैनेजमेंट, भाषण, सोशल पोस्ट, पोस्टर, नारे सब कुछ आईपैक ही कर रही थी।

**इस चुनाव में:** टीएमसी डेटा पर फोकस कर रही है। 2021 विस और 2024 लोकसभा चुनाव के बूथ स्तरीय आंकड़ों का विश्लेषण आईपैक ने ही किया।

हर सीट को 3 कैटेगरी में बांटा: मजबूत, कमजोर और लो वोट मार्जिन। 15 हजार तक मार्जिन की सीटें चुनीं।

**सुप्रीम कोर्ट के 4 कमेंट**

यह असल में किसी एक व्यक्ति का काम है। इसे पूरे सिस्टम या लोकतंत्र का विवाद बताना सही नहीं। संविधान बनाते समय किसी ने नहीं सोचा होगा कि एक मुख्यमंत्री किसी जांच एजेंसी के दफ्तर में पहुंच जाएगा। सिर्फ कानूनी सिद्धांत से काम नहीं चलेगा। हमें जमीन की हकीकत भी देखनी होगी। संविधान की व्याख्या समय के साथ बदलती रहती है। हर नए हालात में कोर्ट को नए सिरे से सोचना पड़ता है।

**ममता की चुनावी रणनीति बनाने वाली कंपनी आई-पैक का ऑफिस बंद**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बनर्जी का चुनावी कैंपेन संभाल रही फर्म आई-पैक का कोलकाता के विधाननगर स्थित दफ्तर 20 अप्रैल से बंद है। सूत्रों के अनुसार इसके एचआर ने 1300 कर्मियों को काम पर न आने का लेटर भेजा है। यह सब ऐसे समय हुआ है जब पहले चरण के मतदान को एक दिन बचे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण के तहत 152 सीटों पर वोटिंग होनी है। दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे।

## हरियाणा में ग्रुप डी के कर्मचारियों को मिलेगी प्रमोशन

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार पांच साल की सेवा पूरी कर चुके ग्रुप डी के कर्मचारियों को प्रमोशन देगी। इसके लिए 27 अप्रैल को विधानसभा के विशेष सत्र में विधेयक पारित किया जाएगा। यह फैसला बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस सत्र के दौरान 'हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज रिक्रूटमेंट एंड कंडीशंस ऑफ सर्विस बिल, 2026' पेश किया जाएगा। प्रस्तावित कानून का मकसद सरकारी कर्मचारियों, खासकर कॉमन कैडर सिस्टम के तहत 'ग्रुप डी' श्रेणी के कर्मचारियों के लिए करियर में आगे बढ़ने के मौकों को काफी बेहतर बनाना है।




22 अप्रैल, 2026 को पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर स्थित मेदिनीपुर कॉलेज के एक वितरण केंद्र पर, मतदान अधिकारी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और अन्य सामग्री ले जा रहे हैं।

शांति वार्ता को लेकर अब भी संशय बरकरार

## होर्मुज में बिगड़े हालात: तीन जहाजों पर की गोलीबारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर बारूद की गंध फैल गई है। बुधवार को ईरानी सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलसीमा से गुजर रहे तीन व्यापारिक जहाजों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर संकट के बादल और गहरे हो गए हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान की शांति वार्ता को लेकर प्रयास किए जा रहे थे।

**आखिर ईरान ने जहाजों पर हमला क्यों किया?**

ईरान की अर्धसैनिक 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने बुधवार सुबह इस दुस्साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया। खबरों के मुताबिक, ईरानी सेना ने पहले एक कंटेनर जहाज पर गोलियां चलाईं और उसके कुछ ही देर बाद दूसरे जहाज को निशाना बनाया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने सेना की चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, इसलिए उन पर कानूनी रूप से कार्रवाई की गई। पकड़े गए जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांसिस्का और एपाामिनोड्स के रूप में हुई है, जिन्हें ईरानी सेना अपने साथ ले गई है। इसके कुछ देर बाद एक तीसरे जहाज यूफोरिया पर भी हमला किया गया, जिसके ईरानी तट पर फंसे होने की खबर है।



**ट्रंप का संघर्षविराम का फैसला काम नहीं आया?**

यह हमला उस वक्त हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को खत्म होने वाले संघर्षविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया था। ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि इससे बातचीत का रास्ता खुलेगा। हालांकि, ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि ईरान के बंदरगाहों की घेराबंदी जारी रहेगी। ईरान इसी बात से नाराज है। ईरान के कूटनीतिज्ञों का कहना है कि जब तक अमेरिका अपनी घेराबंदी नहीं हटाता, तब तक वे किसी भी तरह की शांति वार्ता के लिए मेज पर नहीं आएंगे।

## दिल्ली, हरियाणा समेत कुछ राज्यों में लू चलने का पूवार्नुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के साथ ही कई राज्यों में भीषण गर्मी के हालात हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि अगले चार से पांच दिनों में उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के बड़े हिस्सों में लू की स्थिति और भी तीव्र होने की आशंका है। आईएमडी ने बुधवार को बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में 24 एवं 25 अप्रैल को, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 से 25 अप्रैल के बीच और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 से 26 अप्रैल के बीच लू चलने की आशंका है। राजस्थान में 24 से 26 अप्रैल, मध्य प्रदेश में 23 से 26 अप्रैल के बीच, छत्तीसगढ़ में 24 से 27 अप्रैल के बीच और गंगा के मैदानी पश्चिमी बंगाल, बिहार एवं झारखंड में 22 एवं 23 अप्रैल को लू चलने की आशंका है।

## भाजपा ने पंचकूला, सोनीपत और अंबाला में घोषित किए मेयर उम्मीदवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को मेयर पद के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पंचकूला से बीजेपी ने श्यामलाल बंसल, अंबाला से अक्षिता सैनी और सोनीपत नगर निगम से राजीव जैन को अपना मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया है। बता दें कि कांग्रेस तीनों नगर निगम चुनाव को लेकर अपने मेयर पद के उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने पंचकूला नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुधा भारद्वाज को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, सोनीपत और अंबाला से कांग्रेस ने कमल दीवान और कुलविंद्र कौर को मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

बता दें कि हरियाणा के अंबाला, सोनीपत और पंचकूला नगर निगमों के मेयर (महापौर) तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव 10 मई 2026 (रविवार) को होंगे। हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने 13

## पश्चिम एशिया संकट: ईंधन-गैस वितरण निर्बाध: केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे ईरान-अमेरिका और इजराइल संघर्ष के दौरान केंद्र सरकार ने बताया कि पेट्रोलियम और गैस सप्लाई में आ रही अड़चनों के बावजूद देश में तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य है। साथ ही दावा किया है कि जल मार्ग से देश से बाहर ढुलाई का कार्य कर रहे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य स्तर पर लौट आई है और ईंधन-गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए



गए हैं।

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने यहां राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में रोजाना अंतर मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में बताया कि पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय ध्वज वाले जहाज पर कोई घटना दर्ज नहीं हुई है और हमारे नाविक सुरक्षित हैं। भारतीय ध्वज वाला क्रूड ऑयल टैंकर देश की सीमा में 18 मार्च को सुरक्षित रूप से प्रवेश कर चुका है और 31 भारतीय नाविकों के साथ शाम मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। मंत्रालय अब तक 2,615 भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी करा चुका है, जिनमें पिछले 24 घंटों में 25 नाविक शामिल हैं।

**जलडमरूमध्य**

**भारतीय ध्वज वाला क्रूड ऑयल टैंकर देश की सीमा में 18 मार्च को सुरक्षित रूप से प्रवेश कर चुका है**

## हरियाणा विधानसभा का एक दिवसीय सत्र 27 अप्रैल को



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 27 अप्रैल को बुलाया जाएगा। इस सत्र के दौरान प्रशासनिक व राजनीतिक मुद्दे पर भी चर्चा की जाएगी। सरकार की तरफ से राजनीतिक एजेंडे का अधिकारिक रूप से ऐलान नहीं किया गया है। यह फैसला मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को गुरुग्राम में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 16 और 17 अप्रैल को संसद में हुई घटनाओं का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने "देश के सामने विपक्षी दलों का असली चेहरा बेनकाब कर दिया है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष ने खुद को महिला-विरोधी और सत्ता का भूखा साबित कर दिया है। इन दिनों को देश के इतिहास में एक 'काला अध्याय' के तौर पर याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, विपक्षी दलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को महज एक 'वोट बैंक' के तौर पर इस्तेमाल किया है, जबकि उन्हें फैसले लेने की प्रक्रियाओं में सार्थक भागीदारी से वंचित रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों का हवाला देते हुए सैनी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी कोई 'दान' नहीं, बल्कि उनका 'अधिकार' है।" उन्होंने परिसीमन को लेकर विपक्ष के दावों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही तथ्यों के साथ यह साफ कर चुके हैं कि किसी भी राज्य के प्रतिनिधित्व में कोई कमी नहीं की जाएगी। सैनी ने जोर देकर कहा कि आने वाले समय में महिला मतदाता ऐसी राजनीति का कड़ा जवाब देंगी। सैनी ने कहा कि महिलाएं अपनी वोट की ताकत का इस्तेमाल करके उन दलों को करारा जवाब देंगी जो उनके सशक्तिकरण का विरोध करते हैं।"

**जर्मनी दौरा** — *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है: राजनाथ*

## ईरान जंग में मध्यस्थता: पीएम का दृष्टिकोण संतुलित: राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

बर्लिन: पहली बार जर्मनी के दौरे पर गए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वहां अपने संबोधन के दौरान पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में भारत कब और क्या भूमिका निभाएगा, इस सवाल के जवाब में अपना रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में भारत वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है, जिसमें पश्चिम एशिया का संकट भी शामिल है।




बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने हमेशा शांति की दिशा में प्रयास किए हैं, लेकिन हर चीज का एक सही समय होता है। उन्होंने कहा कि हो सकता है आने वाले समय में भारत इस दिशा में अहम भूमिका निभाए और सफल भी हो। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों से युद्ध खत्म करने की अपील की है और उनका रुख हमेशा संतुलित रहा है।

**बड़ी भूमिका**

**भविष्य में भारत वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है: राजनाथ सिंह**

**पीएम मोदी की विदेश नीति का किया जिक्र**

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी कई देशों के नेताओं से सीधे बातचीत की है। उन्होंने बताया कि जब प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की, तब भी शांति और समाधान पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्री ने वैश्विक राजनीति में भारत की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि भारत का रुख किसी एक पक्ष के खिलाफ नहीं है। यही कारण है कि न तो अमेरिका भारत को दुश्मन मानता है और न ही ईरान।

## कच्चे तेल में तेजी जारी, ब्रेंट क्रूड का भाव 98 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीव कच्चे तेल की कीमतें अभी ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ईरान के साथ सीज फायर की समय-सीमा आगे बढ़ने के बावजूद कच्चे तेल का भाव 100 डॉलर के आसपास है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार सुबह शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 98 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। पिछले दो दिन में इसने करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच लगातार आ रही तनाव पूर्ण खबरों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में उतार-चढ़ाव बना हुआ है, लेकिन असली समस्या सप्लाई की है।



उत्तर भारत

ACTION INDIA

नई दिल्ली, 23 अप्रैल 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# हरा सोना संग्राहकों की आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम, 920 करोड़ का होगा संभावित भुगतान

राज्य शासन द्वारा लघु वनोपज संग्राहकों, विशेषकर आदिवासी समुदाय की आय बढ़ाने के उद्देश्य से तेन्दूपत्ता संग्रहण दर में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है, वर्ष 2024 से प्रति मानक बोरा की दर 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए कर दी गई है, जिसका सीधा लाभ लाखों ग्रामीण परिवारों को मिलेगा, वर्ष 2026 में राज्य के 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियनों के अंतर्गत 902 प्राथमिक समितियों में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य प्रस्तावित है

**आजीविका**

छत्तीसगढ़ और अन्य वन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता को हरा सोना कहा जाता है, जो आदिवासियों वनवासियों की आजीविका का मुख्य साधन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ और अन्य वन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता को हरा सोना कहा जाता है, जो आदिवासियों और वनवासियों की आजीविका का मुख्य साधन है। हाल के नीतिगत बदलावों और सरकारी पहलों के कारण इन संग्राहकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस कार्य से प्रदेश के 13 लाख से अधिक संग्राहक परिवार जुड़े हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों को लगभग 920 करोड़ रुपये का भुगतान होने का अनुमान है। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा लघु वनोपज संग्राहकों, विशेषकर आदिवासी समुदाय की आय बढ़ाने के उद्देश्य से तेन्दूपत्ता संग्रहण दर में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। वर्ष 2024 से प्रति मानक बोरा की दर 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए कर दी गई है, जिसका सीधा लाभ लाखों ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। वर्ष 2026 में राज्य के 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियनों के अंतर्गत 902 प्राथमिक समितियों में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य प्रस्तावित है। इस वर्ष लगभग 15 लाख से अधिक मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का अनुमान है। एक मानक बोरे में 1000 गड्डियां होती हैं और प्रत्येक गड्डी में 50 पत्ते शामिल रहते हैं।







### लगभग 11 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण होने की संभावना

बस्तर संभाग के 10 जिला यूनियनों की 216 समितियों में करीब 4 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। वहीं अन्य 21 यूनियनों की 868 समितियों में लगभग 11 लाख मानक बोरा संग्रहण होने की संभावना है। इस कार्य से प्रदेश के 13 लाख से अधिक संग्राहक परिवार जुड़े हैं। बस्तर संभाग में वर्ष 2025 के 3.90 लाख परिवारों की तुलना में इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 4.04 लाख हो गई है। इस साल अब तक 14 हजार 57 नए परिवार इस कार्य से जुड़े हैं।

### 10 नए फड़ और बेहतर तैयारी

नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में पहली बार 10 नए फड़ों की स्थापना की गई है।

## सुकमा और केशकाल क्षेत्रों में भी नए फड़ जोड़े गए

2100 से अधिक मानक बोरा संग्रहण का अनुमान है। इसके अलावा सुकमा और केशकाल क्षेत्रों में भी नए फड़ जोड़े गए हैं। पिछले वर्ष नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बाधाओं के कारण 351 फड़ों में संग्रहण नहीं हो सका था, लेकिन इस वर्ष सभी फड़ों में कार्य शुरू करने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

**सुगम संचालन और पारदर्शी भुगतान**

संग्रहण कार्य को सुचारू बनाने के लिए संग्राहक कार्ड, बोरा, सुतली, गोदाम और परिवहन जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही तेन्दूपत्ता के भंडारण का बीमा भी कराया जा रहा है। संग्राहकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर प्रणाली लागू की गई है, जिसके माध्यम से राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के जरिए भेजी जाएगी।

**920 करोड़ रुपये का संभावित भुगतान**

इस वर्ष निर्धारित दर के अनुसार संग्राहकों को लगभग 920 करोड़ रुपये का भुगतान होने का अनुमान है। इससे ग्रामीण और आदिवासी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। तेन्दूपत्ता संग्रहण को लेकर सरकार की यह पहल न केवल वनवासियों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से आजादी के बाद पहली बार दर्जनों टोलों के विद्युतीकरण को मिली मंजूरी

**समग्र विकास**

आजादी के बाद पहली बार सूरजपुर जिले के वनांचल क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने की दिशा में बड़ी पहल साकार हुई

**रायपुरः** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों के समग्र विकास को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में राज्य की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से आजादी के बाद पहली बार सूरजपुर जिले के वनांचल क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने की दिशा में बड़ी पहल साकार हुई है। भटगांव विधानसभा क्षेत्र के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों और आश्रित टोलों के विद्युतीकरण के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (उरढउ्रछ) द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**दर्जनों गांवों में पहुंचेगी बिजली, बदलेगा जीवन स्तर**

मंत्री राजवाड़े की पहल पर कोल्हुआः पुराना स्कूलपारा, खासपारा, जमतीपारा और बोकराटोला-2 के विद्युतीकरण को मंजूरी दी गई

**महुलीः** हरिजनपारा, खासपारा-1 व 2, पांडोपारा, पोखरापारा, स्कूलपारा, पहेतापारा और पहाड़पारा में बिजली विस्तार का कार्य होगा।

**करोटीः** खासपारा, इमलीडीह, पोड़ीडोल, पोरतेपारा, परसापारा और गुलरडांडपारा जैसे क्षेत्रों में रोशनी पहुँचेगी।

चोंगाः मधवानीपारा, आमपारा, खासपारा और श्यामपारा के निवासियों को बिजली की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही कछवारी (पांडोपारा, स्कूलपारा), खैरा (रेडियापारा-1 व 2), नवडीहा (मेन रोड) और कछिया (नवडीहा चौक) में भी विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। इन क्षेत्रों में आजादी के बाद पहली बार नियमित विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे व्यापक स्तर पर ग्रामीण आबादी लाभान्वित होगी।

# सिर्फ दो मुकदमों से किसी को गुंडा नहीं कहा जा सकता : हाईकोर्ट

**यूपी गुंडा एक्ट**

अदालत ने कहा कि ऐसा करना व्यक्ति और उसके परिवार की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचाता है



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल एक या दो आपराधिक मामलों के आधार पर किसी व्यक्ति को गुंडा घोषित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि ऐसा करना व्यक्ति और उसके परिवार की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचाता है। जस्टिस संदीप जैन की एकल पीठ ने यह टिप्पणी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें छह महीने के बाहर भेजने के आदेश को चुनौती दी गई थी। यह आदेश बुलंदशहर के एडिशनल जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) द्वारा पारित किया गया था, जिसे मेरठ मंडल के आयुक्त ने भी बरकरार रखा था। प्रशासन ने याचिकाकर्ता सत्येन्द्र के खिलाफ दर्ज दो आपराधिक मामलों के आधार पर उसे आदतन अपराधी बताते हुए समाज के लिए खतरा माना था। उसकी गतिविधियों से इलाके में भय का माहौल बन गया है, जिससे लोग उसके खिलाफ गवाही देने से कतराते हैं। हालांकि, हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि आदतन अपराधी साबित करने के लिए केवल कुछ अलग-थलग घटनाएं पर्याप्त नहीं हैं।

# अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने की पहलगाम हमले की निंदा



**नृशंस हत्या**

आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछ कर सुनियोजित तरीके 26 लोगों की नृशंस हत्या की थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले वर्ष 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए आज कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका भारत की जनता के साथ खड़ा है। राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, "पहलगाम में हुए भयानक हमले की पहली बरसी पर, हम उन निर्दोष पीड़ितों को याद करते हैं और उनके शोकाकुल परिवारों के साथ, उनकी स्मृतियों का सम्मान करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका भारत की जनता के साथ खड़ा है।"

उल्लेखनीय है कि साल 2025 में आज के ही दिन 22 अप्रैल को पहलगाम (कश्मीर) की बेसरन घाटी में लश्कर-ए-तैयबा एवं टीआरएफ के आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछ कर सुनियोजित तरीके 26 लोगों की नृशंस हत्या की थी।

# मोदी को आंतकी कहने पर चुनाव आयोग सख्त, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को भेजा नोटिस

**जवाब तलब**

खरगे से सार्वजनिक माफी मंगवाने और उनके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकी कहे जाने वाले बयान पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने इस टिप्पणी को गंभीर लेते हुए हुए कांग्रेस अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इससे पहले अमित शाह, नितिन नवीन समेत शीर्ष भाजपा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर जोरदार निशाना साधा और उनके बयान की आलोचना की है। मामले में चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पीएम मोदी को आतंकवादी कहे जाने का गंभीर रूप से संज्ञान लिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**भाजपा ने चुनाव आयोग से की थी कार्रवाई की मांग**

इससे पहले मंगलवार को भाजपा ने चुनाव आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा ने आयोग को सौंपे ज्ञापन में खरगे के बयान को गंभीर रूप से अपमानजनक बताते हुए इसे आदर्श आचार संहिता का प्रथम दृष्टया उल्लंघन बताया था। पार्टी ने आयोग से खरगे से सार्वजनिक माफी मंगवाने और उनके खिलाफ उचित दंडात्मक व नियामक कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी।

# जिले के 204 यात्री श्रीरामलला दर्शन के लिए हुए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

जशपुरनगरः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जशपुर जिले के भी श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा के तहत अब तक जिले से 2640 श्रद्धालुओं को श्रीरामलला (अयोध्या धाम) के दर्शन कराए जा चुके है।

इसी कड़ी में इस योजना से यात्रा हेतु 13 वां जत्था को मंगलवार को सुबह जिले के समस्त जनपद व नगर पंचायत से जनप्रतिनिधियों द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। जिले के जनपद पंचायत व नगर पंचायत से



204 यात्री रवाना किए गए हैं। इनमें जशपुर और मनोरा से रामलला दर्शन अयोध्या हेतु नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री सिंह, सीईओ जनपद पंचायत जशपुर व समस्त जनपद स्टाफ के उपस्थिति में बस रवाना किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत पत्थलगांव से रवाना किया गया।

# अभिनेता प्रकाश राज के बयान पर बढ़ा विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद।** अभिनेता प्रकाश राज के कथित विवादित बयान को लेकर राजनीतिक और फिल्मी हलकों में विवाद गहरा गया है। रंगारेड्डी ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष वनीपल्ली श्रीनिवास रेड्डी ने उनके बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए विरोध जताया है। यह विवाद उस समय सामने आया जब केरल के एक साहित्यिक कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं पर की गई उनकी टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। बुधवार को हैदराबाद के करमनघाट में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेता ने तेलुगु फिल्म उद्योग से अभिनेता का पूर्ण बहिष्कार करने



की मांग की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्थाओं का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और फिल्म निमार्ताओं से अपील की कि वे प्रकाश राज को काम न दें। भाजपा नेता वी. श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, वह समय अब बीत चुका है जब भगवान राम और भगवान कृष्ण को फिल्मों में हास्य पात्रों के रूप में दिखाया जाता था। यह नया भारत है, अब हम चुप नहीं बैठेंगे।ह्व उन्होंने फिल्म उद्योग के प्रमुख निमार्ताओं से अपील की कि वे अभिनेता को किसी भी प्रकार की भूमिका न दें। उन्होंने अभिनेता के निजी जीवन को लेकर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि वे स्वयं को नास्तिक बताते हैं, लेकिन अपनी मां का अंतिम संस्कार ईसाई रीति-रिवाजों से करने में उन्हें आपत्ति नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रकाश राज नास्तिकता की आड़ में सनातन धर्म पर हमला करते हैं। इस बीच, मामला कानूनी मोड़ भी ले चुका है।

**बहिष्कार**

प्रकाश राज नास्तिकता की आड़ में सनातन धर्म पर हमला करते हैं। मामला कानूनी मोड़ भी ले चुका है

# महिलाएं संभालेगी जिम्मेदारी, तो खत्म होगी परिवार की यारीः पंकज चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सपा एवं कांग्रेस द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध तथा परिवारवाद के संरक्षण पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिलाएं संभालेंगी जिम्मेदारी, तो खत्म होगी पारिवारिक यारी। बुधवार को नोएडा में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नोएडा सिर्फ.उत्तर प्रदेश का नहीं बल्कि देश का सबसे तेज प्रगति करने वाला शहर है। इस औद्योगिक नगरी में हजारों कंपनियां, उद्योग- धंधे मौजूद हैं। राज्य की तरक्की का रास्ता इस शहर से होकर गुजरता है। ये तरक्की सिर्फ.पुरुषों की बदौलत नहीं है। इस तरक्की में आधी भागीदारी महिलाओं की भी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 2017 से पहले के हाल से हम सब वाकिफ हैं। शहरों में खुलेआम छेड़खानी आम बात थी। बहन-बेटियां बाहर निकलती थीं, तो परिवार वाले तब तक चिंतित रहते थे, जबतक वह सकुशल वापस घर न आ जाएं। गुंडे, माफिया, अपराधियों को लाल टोपी वालों का समर्थन गुंडों को था। पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश में आए बदलाव पर कहा कि प्रदेश में 2017 में हमारी सरकार बनी, तब बदलाव दिखना शुरू हुआ। शहरों में बहन-बेटियों और कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए, प्रशासनिक जवाबदेही और सतत निगरानी बढ़ी तो शहरों का रंगरूप बदल गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा, ह्लअब नोएडा को देखिए,यहाँ की आईटी कंपनियों, स्टार्टअप, उद्योगों में बड़ी संख्या में बहन-बेटियां और महिलाएं काम करती हैं। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से बीते नौ साल में राज्य में कामकाजी महिलाओं की संख्या 36-37 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं खूब आगे बढ़ें, सामान्य परिवार की महिलाएं भी विधायक-सांसद बन सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार महिला आरक्षण संशोधन विधेयक लेकर आई क्योंकि हमारा संकल्प है कि सशक्त नारी, समृद्ध समाज, महिला आरक्षण से नया आगाज।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में राज्य के 16 जिलों की 152 विधानसभा सीटों पर लगभग 3.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे

# बंगाल विस चुनाव के प्रथम चरण और तमिलनाडु विस की सभी सीटों के लिए मतदान आज

**जनता की बारी**

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 2,407 कंपनियां तैनात की गई हैं। इन कंपनियों में 2.4 लाख से अधिक जवान शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता/चेन्नई।** व्यापक तैयारियों और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देश के दो राज्यों पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में कल राज्य के 16 जिलों की 152 विधानसभा सीटों पर लगभग 3.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबकि 234 सीटों वाले तमिलनाडु विधानसभा के लिए एक ही चरण में हो रहे मतदान में 5.73 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे। इन चुनावों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण का मतदान गुरुवार को कराया जाएगा। इसके लिए करीब 44 हजार मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कल सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। इस चरण में कुल 1,478 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें कई मंत्री, पूर्व विधायक, नए चेहरे और विभिन्न दलों के प्रमुख नेता शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों 23 और 29 अप्रैल को मतदान होंगे। पहले चरण में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, वाम दलों, कांग्रेस तथा अन्य क्षेत्रीय दलों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। कई सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि कुछ क्षेत्रों में त्रिकोणीय और बहुकोणीय संघर्ष भी होने की संभावना है। पहले चरण में दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, पश्चिम बर्धमान, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर जिलों की सीटों पर मतदान होगा। इन क्षेत्रों में उत्तर बंगाल के सीमावर्ती इलाके, आदिवासी बहुल क्षेत्र, चाय बागान क्षेत्र, ग्रामीण इलाके और कुछ शहरी क्षेत्र भी शामिल हैं, इसलिए इस चरण को राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पहले चरण का मतदान पूरे चुनाव की दिशा तय कर सकता है। उत्तर बंगाल, सीमावर्ती जिलों, चाय बागान क्षेत्रों, ग्रामीण बेल्ट और अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में मतदान प्रतिशत पर सभी दलों की नजर रहेगी। तृणमूल कांग्रेस जहां अपनी मौजूदा पकड़ बनाए रखने की कोशिश करेगी, वहीं भारतीय जनता पार्टी उत्तर बंगाल और सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर बढ़त लेने की रणनीति पर काम कर रही है। वाम दल और कांग्रेस भी कई सीटों पर प्रभाव दिखाने की कोशिश करेंगे। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

राज्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 2,407 कंपनियां तैनात की गई हैं। इन कंपनियों में 2.4 लाख से अधिक जवान शामिल बताए जा रहे हैं।

वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर, पर्याप्त और नियंत्रण में है, राष्ट्रीय राजधानी में एलपीजी या किसी भी अन्य ईंधन की कोई कमी नहीं: रेखा

# मुख्यमंत्री ने मुनक नहर और छठ घाट का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शालीमार बाग के सीए ब्लॉक क्षेत्र में मुनक नहर की सफाई कार्य एवं निमार्णाधीन छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नहर की सफाई और छठ घाट के निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का समय पर और व्यवस्थित निर्माण सरकार की प्राथमिकता है, जिससे नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि दिल्ली





सरकार चौबीसों घंटे और सातों दिन धरातल पर सक्रिय रहकर स्वच्छ, हरित और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त एक सशक्त और विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में वॉटर एटीएम का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शालीमार बाग विधानसभा के एयू ब्लॉक, सोम बाजार रोड, एए झुग्गी और सीए ब्लॉक में नए वॉटर एटीएम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां के नागरिकों को वॉटर एटीएम कार्ड भी वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक 5-स्टेज आरओ तकनीक से सुसज्जित ये वॉटर एटीएम हर घंटे 2000 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएंगे। यह लोगों को साफ, सुरक्षित और आसान तरीके से पीने का पानी उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति को और मजबूत बनाने तथा हर घर तक साफ पानी पहुंचाने के लिए सरकार ने 9,000 करोड़ रुपये का प्रावधान



किया है। यह विकसित दिल्ली के निर्माण की मजबूत नींव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक साल से प्रतिदिन दिल्ली की जनता को किसी न किसी रूप में नया उपहार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहा है और पानी की कमी के कारण लोग परेशान थे उसके समाधान के लिए हमने दिल्ली में ये नया वॉटर एटीएम शुरू किया है। इस तरह का वॉटर एटीएम कार्ड हम हर झुग्गी परिवार को दे रहे हैं। इससे वो 20 लीटर पानी रोजाना अपने घर लेकर जा सकते हैं।

इस अवसर पर इंडियन ऑयल के अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## हेड कॉन्स्टेबल 2 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के नारकोटिक्स सेल, द्वारका में तैनात हेड-कॉन्स्टेबल अजय को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपित को शिकायतकर्ता से 2 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में पकड़ा गया। सीबीआई के अनुसार, 21 अप्रैल को दर्ज मामले में आरोप लगाया गया था कि आरोपित हेड-कॉन्स्टेबल और अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता को झूठे मामले में फंसने से बचाने के लिए 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

आरोपित ने 21 अप्रैल तक 5 लाख रुपये की पहली किस्त देने को कहा था। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपित को 2 लाख रुपये लेते हुए पकड़ लिया। इसके अलावा कार्यालय परिसर की तलाशी के दौरान 48.87 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई। एजेंसी ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

## भीषण गर्मी: दिल्ली के स्कूलों में हर घंटे बजेगी 'वॉटर बेल'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच दिल्ली सरकार ने सरकारी के साथ ही सभी प्राइवेट स्कूलों के लिए भी नई एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत सरकार ने कई दिशा-निर्देश स्कूलों को दिए हैं।

इन्हीं में से एक है स्कूलों में हर घंटे 'वॉटर बेल' बजाने का निर्देश। इसके तहत स्कूलों में हर 45-60 मिनट में बेल बजेगी जो बच्चों को पानी पीने की याद दिलाएगी ताकि बच्चों को स्कूल में पानी की कमी न हो।

**बडी सिस्टम लागू करें स्कूल**

स्कूलों को बडी सिस्टम यानी दो बच्चों को एक-दूसरे की जिम्मेदारी देने का सिस्टम बनाने के भी निर्देश दिए हैं। जिससे दो बच्चे एक-दूसरे के स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें और कुछ भी हो तो तुरंत टीचर को बताएं।

मंगलवार को जारी सर्कुलर में आउटडोर एसेंबली को भी छोटा रखने के निर्देश दिए हैं। संभव हो तो एंसेबली इनडोर में या छाएदार जगह पर करने के निर्देश हैं। साथ ही खुले में होने वाली एक्टिविटी को भी हीटवेव के दौरान करने से रोक लगाई गई है। ठंडा पानी उपलब्ध कराएं स्कूल

शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को साफ और ठंडा पानी उपलब्ध कराने को कहा है, साथ ही बच्चों को घर से पानी का बोतल लाना अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं।

आउटडोर एक्टिविटी बंद कर स्कूलों को लू से बचाव के लिए छोटे-छोटे सेशन आयोजित करने को कहा है जिससे वो लू से बचाव के लिए जागरूक हो सकें।

## अमर कॉलोनी में आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या, दुष्कर्म के बाद गला घोंटने की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश इलाके अमर कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी की 21 वर्षीय बेटी की घर के भीतर ही हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, मृतका 1997 बैच के आईआरएस अधिकारी की बेटी थी। उसने हाल ही में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी और इन दिनों संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी

**वारदात**

**वह घर पर ही पढ़ाई कर रही थी। ऐसे में घर के भीतर हुई इस वारदात ने सभी को झकझोर कर रख दिया**

कर रही थी। परिवार के मुताबिक, वह घर पर ही पढ़ाई कर रही थी। ऐसे में घर के भीतर हुई इस वारदात ने सभी को झकझोर कर



रख दिया है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि वारदात बेहद क्रूर तरीके से अंजाम दी गई। आशंका जताई जा रही है कि पहले युवती के साथ दुष्कर्म किया गया और उसके बाद मोबाइल चार्जर की तार से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दुष्कर्म की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मामले में शक की सुई घर के एक पूर्व नौकर पर जाकर टिक गई है। बताया जा रहा है कि राजस्थान का रहने वाला यह नौकर करीब दो महीने पहले तक घर में काम करता था, लेकिन उसके व्यवहार के चलते उसे निकाल दिया गया था। बुधवार सुबह वह अचानक घर के आसपास देखा गया था, जिसके बाद से वह फरार है। घटना की सूचना मिलते ही दक्षिण-पूर्वी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं और उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

पुलिसकर्मी को देखकर हवा में फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन हेड कांस्टेबल ने अकेले ही पीछा कर उसे दबोच लिया

## दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को देख बदमाश ने की फायरिंग

**दबोचा**

**तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद की। कई आपराधिक केस दर्ज**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कल्याणपुरी थानाक्षेत्र में पुलिसकर्मी की सतर्कता और बहादुरी से एक हथियारबंद बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित ने पुलिसकर्मी को देखकर हवा में फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन हेड कांस्टेबल ने अकेले ही पीछा



कर उसे दबोच लिया। उसके पास से अवैध देसी पिस्टल, एक कारतूस और एक स्कूटी बरामद की है।

बदमाश की पहचान आसिफ के रूप में हुई है।

**संदिग्ध हरकत देख पुलिसकर्मी ने रोका**

जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार रावल ने बताया कि 20 अप्रैल की रात 2:25 बजे हेड कांस्टेबल विक्रांत अपने निजी वाहन से मयूर विहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान त्रिलोकपुरी -25 ब्लाक स्थित कम्युनिटी बिल्डिंग के पास उन्होंने एक युवक को संदिग्ध हालत में हथियार के साथ देखा।

पहले से कई आपराधिक केस दर्ज हेड कांस्टेबल ने तुरंत वाहन रोककर युवक को रुकने को कहा। खुद को घिरता देख बदमाश ने हवा में एक राउंड फायर किया और लाल रंग की स्कूटी पर सवार होकर भागने लगा। पुलिसकर्मी ने अकेले ही पीछा कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद की। बदमाश के खिलाफ पहले से कई आपराधिक केस दर्ज हैं।

## दिल्ली में बिना पीयूसी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को वाहनों से फैलने वाले वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए कड़ा कदम उठाने का एलान किया। दिल्ली सरकार के अनुसार, अब राष्ट्रीय राजधानी के किसी भी पेट्रोल पंप पर ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा जिनके पास वैध 'पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल' सर्टिफिकेट नहीं होगा। इस संबंध में सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि यह नियम स्थायी रूप से लागू रहेगा, जिससे गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लग सके और दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में सुधार आए। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्लीवासियों को स्वच्छ और सेहतमंद वातावरण देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार ने साफ किया कि वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या से निपटने के लिए ऐसे सख्त कदम उठाना जरूरी हो गया था। राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमारी सरकार ने सख्त निर्णय लेते हुए यह फैसला

**नियम**

**यह नियम स्थायी रूप से लागू रहेगा, जिससे गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लग सके**

लिया है कि दिल्ली में अब बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। उन्होंने दिल्ली के प्रदूषण पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में दिल्ली में प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए हमें प्रभावी कदम उठाने होंगे, तभी जाकर हमें धरातल पर स्थिति सकारात्मक होती हुई दिखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की तारीख में प्रदूषण पर रोक लगाने लिए सख्त कदम उठाना समय की जरूरत बन चुकी है। वहीं, मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की ओर से प्रदूषण पर रोक लगाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का भी जिक्र किया।

## टेरर फंडिंग के आरोपित इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत पर फैसला 24 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज प्रशांत शर्मा ने अपने बीमार पिता को देखने के लिए मांगी गई अंतरिम जमानत पर 24 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। इंजीनियर रशीद ने याचिका दायर कर कहा है कि




उसके पिता बीमार हैं और वो वेंटिलेटर पर हैं। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्हें कस्टडी पैरोल पर रिहा किया जा सकता है। इससे पहले कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को हिरासत में संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक संसद के पूरे सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। नवंबर, 2025 में भी कोर्ट ने रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। इंजीनियर रशीद को सितंबर, 2025 में हुए उप-राष्ट्रपति के चुनाव में वोट डालने की अनुमति दी थी।

## एनआईटीडीआरडी को मिला 'जीरो वेस्ट टू लैंडफिल' दर्जा

**उपलब्धि**

**अस्पताल कर्मियों और स्टाफ के लिए लगभग 50 जागरूकता सत्र आयोजित किए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय क्षय एवं श्वसन रोग संस्थान (एनआईटीडीआरडी) को जीरो वेस्ट टू लैंडफिल का दर्जा दिया है। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन 2.0 के तहत शुरू की गई इस पहल ने



स्वास्थ्य क्षेत्र में सतत अपशिष्ट प्रबंधन का नया मानक स्थापित किया है। संस्थान ने अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण और कम्पोस्टिंग की व्यापक व्यवस्था लागू कर पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए उल्लेखनीय काम किया है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार दिल्ली नगर निगम (दक्षिणी क्षेत्र) के सहयोग से व्हाई वेस्ट वेडनेस्डेज फाउंडेशन ने अपने प्रमुख कार्यक्रम ह्यस्वच्छ संकल्पह्ल के तहत इस परियोजना को लागू किया। परियोजना की शुरूआत विस्तृत अपशिष्ट ऑडिट और बेसलाइन सर्वे से हुई, जिसके आधार पर संस्थान की अपशिष्ट उत्पादन प्रणाली का आकलन कर लक्षित हस्तक्षेप तैयार किए गए। इसके बाद अस्पताल कर्मियों और स्टाफ के लिए लगभग 50 जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन की संस्कृति विकसित हुई।

## ट्रैक मेंटेनरों की सुरक्षा, सुविधा, कल्याण को प्राथमिकता देने का आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश में रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन और रेललाइनों के आधुनिकीकरण में ट्रैक मेंटेनरों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए बुधवार को कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा, कार्य परिस्थितियों एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी और उन्हें पर्याप्त मात्रा में आधुनिक उपकरण, बेहतर सुविधाएं और संसाधन मुहैया कराए जाएंगे।

वैष्णव ने राजधानी के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ट्रैक मेंटेनर सम्मेलन में देशभर से तीन हजार



से अधिक प्रतिनिधियों को संबोधित किया। सम्मेलन में ट्रैक मेंटेनरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। रेल मंत्री ने कहा कि ट्रैक मेंटेनर रेलवे संचालन की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यस्थलों पर आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, बेहतर सुरक्षा उपायों और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने ट्रैक मेंटेनर कैडर में पदोन्नति के मुद्दे पर भी ध्यान देने की बात कही। अश्विनी वैष्णव ने कहा, "पिछले दस सालों में, रेल दुर्घटनाओं में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। हालाँकि, हमें यहीं नहीं रुकना चाहिए। हमें और

**रेल मंत्री ने कहा, 'रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा और हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा, दोनों ही हमारे लिए बराबर महत्व रखती हैं। अपने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, 'रक्षक' नाम का एक सिस्टम लागू किया गया था, जो वीएचएफ -आधारित प्लेटफॉर्म पर काम करता है'**

भी बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए और दुर्घटनाओं की संख्या को इकाई के अंक तक लाने का लक्ष्य रखना चाहिए। हमारा उद्देश्य भारतीय रेलवे को विकसित देशों के सुरक्षा मानकों के स्तर तक पहुँचाना है।" रेल मंत्री ने कहा, "रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा और हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा, दोनों ही हमारे लिए बराबर महत्व रखती हैं।

अपने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, 'रक्षक' नाम का एक सिस्टम लागू किया गया था, जो वीएचएफ -आधारित प्लेटफॉर्म पर काम करता है। हालाँकि, इस सिस्टम के साथ कुछ चुनौतियाँ सामने आईं। कई जगहों पर, सिग्नल ठीक से ट्रांसमिट नहीं हो पाते—खासकर ट्रैक के घुमावदार हिस्सों में, पहाड़ी इलाकों में, या लंबी दूरी पर। इन कारणों से सिग्नल में रुकावट आती है।

## केजरीवाल के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई से जस्टिस तेजस ने खुद को अलग किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के जज जस्टिस तेजस करिया, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी (आआपा) के दूसरे नेताओं और पत्रकार रवीश कुमार के खिलाफ जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच में हुई सुनवाई के वीडियो अपलोड करने पर कोर्ट की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से हट गए हैं। अब इस याचिका पर वो बेंच सुनवाई करेगी जिस बेंच के सदस्य जस्टिस तेजस करिया नहीं होंगे।

याचिका वकील वैभव सिंह ने




दायर की है। याचिका में दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से केजरीवाल को बरी करने के विरुद्ध केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर सुनवाई से जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को हटने की मांग की सुनवाई के वीडियो रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में केजरीवाल और रवीश कुमार के अलावा कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, संजीव झा, पूरनदीप साहनी, जरनैल सिंह, मुकेश अहलावत और विनय मिश्रा के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई करने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट की कार्यवाही के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से हटाए जाएं। याचिका में केजरीवाल पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने कोर्ट में बिना आधार के भ्रामक दलीलें दीं। केजरीवाल ने कोर्ट का मान कम करने के लिए कई अनर्गल आरोप लगाए।

# पहलगाम हमले में शहीद लेफ्टिनेंट की पहली बरसी

**श्रद्धांजलि,**

**स्कूल में दी गई श्रद्धांजलि, जन्मदिन पर लगेगा रक्तदान शिविर, पिता बोले– आज भी दर्द नहीं भूले**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को एक साल पूरा हो गया है। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें करनाल के सेक्टर-6 निवासी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल भी शामिल थे। शादी के कुछ ही दिन बाद पत्नी के साथ घूमने गए विनय को आतंकियों ने गोली मार दी थी। एक साल बाद भी परिवार उस दर्द से बाहर नहीं निकल पाया है, लेकिन देशभर से मिले साथ ने उन्हें संभालने का हौसला दिया है। सेक्टर-8 स्थित संत कबीर स्कूल में आज पहलगाम आंतकी हमले में शहीद करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के लिए प्रर्थना सभा रखी गई। बात दें कि बचपन में इसी स्कूल में विनय और उसकी बहन पढ़ती थी। प्रार्थना सभा में विनय के पिता राजेश नरवाल, विनय की बहन सृष्टि नरवाल व दादा हवा सिंह पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने स्कूल में ही विनय के चित्र का श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया।

शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बहन सृष्टि नरवाल ने बताया कि सुबह से ही उस दिन की बातें याद आ रही थी, जब दादा और पिता ने विनय से फोन पर आखिरी बार बात की थी। उसके कुछ समय बाद ही फोन पर यह दुखद खबर मिली कि आतंकी हमले में विनय की जान चली गई। सृष्टि ने कहा कि यह घटना परिवार के लिए एक ऐसा घाव बन गई है, जो समय के साथ भी नहीं भर पा रहा।

सृष्टि नरवाल ने कहा कि अपने माता-पिता को इस दर्द से गुजरते हुए देखना एक बेटी के लिए बेहद कठिन होता है। उन्होंने बताया कि वह चाहकर भी कुछ नहीं कर पाईं, लेकिन अब उनकी कोशिश रहती है कि उनके माता-पिता स्वस्थ रहें और अपने खानपान का ध्यान रखें। वह परिवार के साथ अच्छी यादें साझा करती हैं, ताकि विनय हमेशा दिलों में जिंदा रहे।सृष्टि ने बताया कि जब विनय की तस्वीर के सामने दीप प्रज्जवलित करने को कहा गया तो उनके हाथ कांप रहे थे। वह पल इतना भावुक था कि परिवार के लिए हिम्मत जुटाना भी मुश्किल हो गया था। उन्होने कहा कि विनय के लिए देश सबसे पहले था। बचपन से ही उसका सपना सेना में जाकर देश की सेवा करना था। सृष्टि ने कहा कि हम सभी को भी देश के लिए कुछ करने और एक अच्छा नागरिक बनने की सोच रखनी चाहिए।

सृष्टि नरवाल ने सरकार से अपील की है कि किसी मेडिकल या एजुकेशन संस्थान का नाम विनय नरवाल के नाम पर रखा जाए, जिससे उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि मिल सके। सृष्टि ने कहा कि आतंकवाद एक ऐसी बीमारी है, जो पूरे विश्व को नुकसान पहुंचा रही है। इसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है, ताकि कोई और परिवार इस तरह का दर्द न झेले।

शहर के सेक्टर-6 निवासी विनय नरवाल की शादी 16 अप्रैल 2025 को हुई थी। शादी के बाद वह अपनी पत्नी के साथ हनीमून पर जाने की तैयारी कर रहे थे। पहले उनका प्लान यूरोप जाने का था, लेकिन वीजा नहीं मिलने के कारण उन्होंने अंतिम समय में जम्मू-कश्मीर जाने का फैसला लिया। शादी के करीब 5-6 दिन बाद वे अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचे और 21 अप्रैल के आसपास पहलगाम घूमने गए। यह उनकी शादी के बाद पहली यात्रा थी, जो उनकी जिंदगी की आखिरी यात्रा बन गई।

22 अप्रैल 2025 को दोपहर करीब 1 से 3 बजे के बीच पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकियों ने अचानक पर्यटकों पर हमला कर दिया। हमलावर आधुनिक हथियारों से लैस थे और उन्होंने सुनियोजित तरीके से लोगों को घेरकर ताबड़तोड़ फायरिंग की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकियों ने कई लोगों से धर्म पूछकर या पहचान की पुष्टि कर गोली मारी। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हमले के समय विनय नरवाल अपनी पत्नी के साथ मौजूद थे। आतंकियों ने उन्हें नजदीक से गोली मारी। उनके शरीर के कई हिस्सों जैसे गर्दन और छाती में गोलियां लगीं। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह दृश्य इतना दर्दनाक था कि जिसने भी सुना, वह सन्न रह गया। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने बेटे को याद करते हुए कहा कि 22 अप्रैल 2025 का दिन उनके जीवन का सबसे दुखद दिन है।

# इनेलो छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए कृष्ण कुमार कुटेल

**दामन थामा**

**कांग्रेस जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने पार्टी का पटका पहनाकर करवाया ज्वाइन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बुधवार को इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार कुटेल ने पार्टी छोडकर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। उनके साथ इनेलो के करनाल शहरी जर्नल सेक्रेटरी कुनाल गोयल ने भी कांग्रेस जॉइन की। जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा ने डीसीसी कार्यालय में दोनों नेताओं को पार्टी का पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया गया।

कृष्ण कुमार कुटेल ने बताया कि उन्होंने 21 अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। उनके अनुसार कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो सभी वर्गों और बिरादरियों को समान सम्मान देती है।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महिला आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है तो सभी 543 लोकसभा सीटों पर इसे लागू किया जाना चाहिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि कृष्ण कुमार कुटेल जैसे अनुभवी और जमीनी नेता के पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके जुड? से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

इस मौके पर कार्यक्रम में ललित आहूजा, जोगिंदर वाल्मीकि, दिलशेर डाचर, बिंदर पोसवाल, तरुण चौहान, पंकज गाबा, परवीन पुनिया, एसके चौधरी, भारत ढिल्लो, सपना राणा, पृथ्वी बाठ, गौरव शर्मा, सतीश बिंदल, अशोक दुग्गल, विनोद शर्मा, तेजपाल कलसोरा, राकेश ढाकवाला, कृष्ण गहलोत, बलिंद्र पुनिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**



**करनाल।** जिले के सांभली गांव में खेत में काम के दौरान संदिग्ध हालातों में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। बुजुर्ग महिला खेत में गेहूं के दाने एकत्रित कर रही थी, तभी पास में चल रहे ट्रैक्टर से टक्कर लगने की आशंका है। हादसे के बाद ट्रैक्टर मौके पर चालू हालत में मिला, लेकिन ड्राइवर फरार था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रात को शव रखवा दिया था। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

परिजनों के अनुसार सांभली गांव निवासी 73 वर्षीय शिमला देवी गांव के खेतों में गेहूं के दाने एकत्रित करने गई थी। उसी समय खेत में तूड़ी बनाने के लिए ट्रैक्टर से रिप्पर चलाया जा रहा था। आशंका है कि इसी दौरान ट्रैक्टर उसके पास से गुजरा और टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव के सरपंच संजीव कुमार के अनुसार हादसे के बाद ट्रैक्टर खेत में चालू हालत में ही मिला, लेकिन मौके पर न तो ड्राइवर मौजूद था और न ही खेत का मालिक।

ग्रामीणों ने ही इस घटना की सूचना परिवार को दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो शिमला देवी के सिर पर गहरी चोट थी और वह खून से लथपथ पड़ी थी।

परिजन घायल महिला को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोच्युरी हाउस में रखवा दिया।

सरपंच संजीव कुमार ने बताया कि शिमला देवी के परिवार पर पहले से ही दुखों का पहाड़ टूटा हुआ है। कोरोना काल के दौरान उनकी पुत्रवधु का निधन हो गया था। इसके बाद उसके 4-5 बच्चों की जिम्मेदारी शिमला देवी ही संभाल रही थी। सरपंच ने कहा कि अगर ट्रैक्टर ड्राइवर थोड़ी भी सजगता दिखाता तो घायल महिला को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जा सकता था, जो खेत से करीब 300-400 मीटर की दूरी पर ही स्थित है। लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच जारी है।

# आठ साल की बच्ची को दिखाया अश्लील वीडियो

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले के असंध थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 8 साल की बच्ची के साथ गलत हरकत करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही युवक ने घर में घुसकर बच्ची को मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाया और उसके साथ हाथापाई की। घटना बीती 17 अप्रैल की है, जब बच्ची के माता-पिता काम के लिए घर से बाहर गए हुए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता मां ने महिला थाना असंध में शिकायत देते हुए बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने 3 बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। उनकी सबसे बड़ी बेटी 8 साल की है और तीसरी कक्षा में पढ़ती है, घटना वाले दिन घर पर अकेली थी। मां ने बताया कि जब वह शाम करीब 7 बजे घर लौटी तो बेटी ने पूरी घटना के बारे में जानकारी दी।

# रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई पहचान, पंजाब का रहने वाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले में रेलवे ट्रैक पर मिले शव की आज पहचान हो गई है। युवक पंजाब से जयपुर खाटूश्याम के दर्शन के लिए जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गया। शव मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और पहचान के प्रयास किए। पोस्टमार्टम के बाद अब शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना को लेकर यह अभी साफ नहीं हो पाया है कि युवक खुद गिरा या किसी अन्य कारण से हादसा हुआ।

पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल को करनाल-कैथल रोड स्थित लोहे के पुल वाले अंडरपास के पास रेलवे लाइन पर एक शव मिला था। शव के पास से एक आईडी कार्ड, टूटा हुआ मोबाइल फोन और पठानकोट से जयपुर की ट्रेन टिकट बरामद हुई। मोबाइल खराब होने के कारण पुलिस ने उसमें से सिम निकालकर दूसरे फोन में लगाया और उसमें मौजूद नंबरों पर संपर्क किया।

जांच के दौरान मृतक की पहचान 38 वर्षीय मनोज सिंह निवासी गांव कुठेर, जिला पठानकोट (पंजाब) के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन करनाल पहुंचे और शव की शिनाख्त की। जीआरपी करनाल के एएसआई रविंद्र कुमार ने बताया कि पहचान के बाद आगे की कार्रवाई पूरी की गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनोज सिंह अविवाहित था और दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वह पंजाब से जयपुर स्थित खाटूश्याम मंदिर में माथा टेकने के लिए निकला था। आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान वह ट्रेन से नीचे गिर गया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह हादसा था, आत्महत्या या फिर किसी अन्य वजह से युवक की मौत हुई।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने हरियाणा में अपना 5 जी फुटप्रिन्ट बढ़ाया

**गुरुग्राम।** जाना-माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अब पूरे हरियाणा में अपने विस्तार की गति बढ़ा रहा है। राज्य में 5 जी फुटप्रिन्ट को मजबूत बनाते हुए वी ने पानीपत और अंबाला में अपनी 5 जी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत वी मई 2026 तक हिसार, भिवानी, करनाल, बहादुरगढ़, और रोहतक में भी 5 जी सेवाओं का लॉन्च करेगा। अपनी 5 जी सेवाओं के विस्तार के लिए वी मुख्य मार्केट्स को प्राथमिकता दे रहा है, जिसमें ओद्यौगिक कॉरिडोर, डेटा की ज्यादा खपत वाले सेंटर और उभरते शहरी क्लस्टर शामिल हैं। पानीपत और अंबाला में लॉन्च इसी विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि ये शहर मुख्य ओद्यौगिक केन्द्रों के रूप में उभर रहे हैं, जिसके चलते इन शहरों में डेटा की खपत तेजी से बढ़ रही है।

इस विस्तार पर बात करते हुए राहुल जोशी, सर्कल बिजनेस हैड-हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, वी ने कहा, हम पूरे हरियाणा में वी के 5 जी नेटवर्क के विस्तार को तेज कर रहे हैं, और राज्य के मुख्य मार्केट्स में अपना फुटप्रिन्ट बढ़ा रहे हैं। सोनीपत में लॉन्च के बाद पानीपत एवं अंबाला में आगामी लॉन्च तथा इसके बाद हिसार, भिवानी, करनाल, बहादुरगढ़, और रोहतक में शुरूआत इस यात्रा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस विस्तार के तहत हम ज्यादा मांग वाली लोकेशनों, डेटा की ज्यादा खपत वाले सेंटरों तथा ज्यादा फुटफॉल वाले क्षेत्रों जैसे ओद्यौगिक एवं कमर्शियल हब्स पर फोकस कर रहे हैं। इन प्रयासों के चलते हमारे यूजर्स को नेटवर्क का बेहतर अनुभव मिल रहा है। हिसार, भिवानी, करनाल, बहादुरगढ़, और रोहतक में यह सुनियोजित रोलआउट इसी दृष्टिकोण को दशार्ता है। इस लॉन्च के साथ वी ने तेजी से हो रहे मुख्य मार्केट्स को कवर करने का लक्ष्य रखा है। इनमें प्रमुख कमर्शियल एवं ट्रांजिट हब करनाल; प्रमुख शैक्षणिक एवं प्रशासनिक केन्द्र रोहतक और हिसार; तथा उभरते रिहायशी एवं ओद्यौगिक क्लस्टर जैसे बहादुरगढ़ और भिवानी शामिल हैं, इन क्षेत्रों में डेटा की खपत तेजी से बढ़ रही है।

### दो नशा तस्करों को 10-10 साल की कैद, एक लाख का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में नशीला पदार्थ तस्करी के बड़े मामले में करनाल की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीतू की कोर्ट ने दो व्यक्तियों को दोषी मानते हुए उन्हें 10-10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर एक-एक लाख का जुमार्ना लगाया भी गया है। जुमार्ना अदा न करने की सूरत में 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

बता दें कि 10 दिसंबर 2018 को पुलिस को सूचना मिली थी कि करनाल में एक गिरोह मध्य प्रदेश से चूरा पोस्त लाकर अलग-अलग जगहों पर सप्लाई करता है। सूचना के अनुसार नशीला पदार्थ गुरुद्वारा गोविंदपुरा के पास खेत में पराली के नीचे छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने तुरंत टीम बनाकर मौके पर छापेमारी की। वहां पराली के ढेर के पास खड़े तीन लोग पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन टीम ने उन्हें काबू कर लिया। तलाशी के दौरान 24 सफेद प्लास्टिक के कट्टों में भरा 360 किलो चूरा पोस्त बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान कल्वेहड़ी निवासी बलराज सिंह, नहर कॉलोनी चीका जिला कैथल निवासी सिंगारा सिंह और खरका निवासी दिलबाग सिंह के रूप में हुई थी। 11 दिसंबर 2018 को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 17 दिसंबर 2018 तक रिमांड पर लिया गया। इस दौरान पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी।

जांच में खुलासा हुआ कि इस गिरोह में डेरा गोविंदपुरा निवासी विक्रम सिंह, सिंगारा सिंह, गुरदयाल सिंह उर्फ हरदयाल सिंह, सुखा सिंह, दिलबाग सिंह और बलराज सिंह शामिल थे।

# सूखे कुंए में मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा तरावड़ी में सूखे कुएं के अंदर एक व्यक्ति का शव मिलने से हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रस्सी के सहारे शव को बाहर निकाला। शुरूआती तौर पर यह हादसा है या हत्या, इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोच्युरी हाउस भेज दिया है और दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पोस्टमॉर्टम रिर्पोट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

मृतक की पहचान 45 वर्षीय सतपाल के रूप में हुई है, जो तरावड़ी का रहने वाला था और चार बच्चों का पिता था। परिजनों के अनुसार सतपाल मंगलवार की सुबह काम के लिए घर से निकला था, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिवार ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान कुएं के आसपास मौजूद कुछ लोगों ने अंदर झांककर देखा तो एक शव दिखाई दिया। शुरूआत में यह चर्चा फैल गई कि शव का सिर नहीं है। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर टीम मौके पर पहुंची।

जांच अधिकारी सुखविंद्र सिंह ने बताया कि जब थाने में कॉल आई थी, तब बताया गया था कि शव की गर्दन नहीं है। लेकिन जब पुलिस टीम कुएं में उतरी और शव को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की तो पता चला कि गर्दन दलदल में धंसी हुई थी। इसके बाद शव को रस्सी से बांधकर बाहर निकाला गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोच्युरी हाउस भेज दिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि सतपाल कुएं तक कैसे पहुंचा, यह हादसा है या किसी साजिश का हिस्सा, इसकी जांच की जा रही है।

# उपायुक्त ने किया स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं का दौरा

**निर्देश**

**उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने संबंधित एजेंसियों को कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने आज स्मार्ट सिटी के तहत निमार्णाधीन विभिन्न प्रोजेक्ट्स का दौरा किया और संबंधित एजेंसियों को कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए।

उपायुक्त ने आज दोपहर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट व नगर निगम के अधिकारियों के साथ हरियाणा नर्सिंग होम से एसडी मॉडल स्कूल चौक तक निमार्णाधीन एलिवेटेड पुल का निरीक्षण किया। इस मौके पर निर्माण कर रही एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि पुल का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसे जनवरी 2027 तक पूरा किया जाना है लेकिन कार्य को समय से दो.तीन महीने पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।

अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि पुराने बस अड्डे के पीछे एलिवेटेड पुल के एक तरफ रास्ते की चौड़ाई बढ़ाने के लिए पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कुछ जमीन लेने वास्ते संबंधित विभाग द्वारा शिक्षा विभाग को लिखा गया है। इस प्रोजेक्ट की लागत करीब 128 करोड़ और पुल की लंबाई 3०280 किमी है। पुल निर्माण के लिए 85 पिलर खड़े किए गए हैं। घंटाघर चौक से पुराना बस अड्डे तक पुल की लंबाई 900 मीटर और राणा अकादमी से जिला पुस्तकालय तक 2380 मीटर है। इसके बाद उपायुक्त ने शक्ति कालोनी स्थित निमार्णाधीन महिला आश्रम, नारी निकेतन, कमर्शियल कॉम्पलेक्स ब्लाक ए व बी, ऑब्जर्वेशन सेंटर, वर्किंग वुमन होस्टल का दौरा किया। ये पांचों प्रोजेक्टस 107 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे हैं। तदुपरांत उपायुक्त पुरानी अनाज मंडी पहुंचे और वहां बन रहे कमर्शियल कॉम्प्लेक्स की प्रगति के बारे में जानकारी ली। यह 30.80 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। इसे जुलाई 26 तक पूरा किया जाना है।

निर्माण कर रही एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि एक लाख 78 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में से मात्र 4 हजार वर्ग फुट में छत डालने का काम बाकी है। उन्होंने कर्ण स्टेडियम में प्रथम चरण में 24.84 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रशासनिक ब्लॉक, बहुउद्देश्यीय हॉल, होस्टल ब्लाक और दूसरे चरण में खेल सुविधाओं के पुनर्विकास संबंधी 12.19 करोड़ के प्रोजेक्ट की जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा काम बंद करने से स्टेडियम के प्रोजेक्ट्स में देरी हुई है। अब कार्य का पुनः टेंडर हो चुका है, जल्द काम शुरू करा दिया जाएगा।

इस मौके पर स्मार्ट सिटी के जीएम रामफल, नगर निगम के एसई पुनीत नरवाल आदि मौजूद रहे।

# सैनिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाना करें सुनिश्चितः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**



**करनाल।** डीसी डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने लघु सचिवालय के सभागार में जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण विभाग के कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी शर्मा के साथ जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और कहा कि विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का वीर शहीदों के आश्रितों, युद्ध वीरांगनाओं, पूर्व सैनिकों एवं अर्धसैनिकों को समय पर लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

डीसी ने समीक्षा के दौरान वीर शहीदों के आश्रितों, युद्ध वीरांगनाओं, पूर्व सैनिकों एवं अर्ध सैनिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं जैसे पेंशन, नौकरी, भर्ती रैली, जिला में स्थापित शहीदी स्मारक की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

कर्नल ओपी शर्मा ने बताया कि स्थानीय कर्ण पार्क के नजदीक जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर में शहीदी स्मारक स्थापित है। इस पर उपायुक्त ने कहा कि इसकी साज.सज्जा भव्य ढंग से की जाए,

अगर किसी कार्य की आवश्यकता है तो उसे करवाने के लिए प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। बैठक में कल्याण व्यवस्थापक अनिल कथूरिया व मुकेश कुमार भी मौजूद रहे।

**पूर्व सैनिकों एवं अर्ध सैनिक बलों के कर्मियों और उनके परिवारों की समस्याओं-शिकायतों के समाधान के लिए कॉल सेंटर शुरू : कर्नल ओपी शर्मा**

**कॉल सेंटर के फोन नंबर 0172-5210277 पर किया जा सकता है संपर्क**

बैठक में कर्नल ओपी शर्मा ने बताया कि सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर हरियाणा के पूर्व सैनिकों एवं अर्ध सैनिक बलों में तैनात कर्मियों और उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

शिकायतों के समाधान अथवा मार्गदर्शन के लिए सरकारी छुट्टियों को छोडकर सोमवार से शनिवार तक सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक विभाग के कॉल सेंटर के फोन नंबर 0172-5210277 पर संपर्क किया जा सकेगा।

# 3 किलो 940 ग्राम चूरा पोस्त सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस की सीआईए-3 टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया। टीम ने एक सूचना के आधार पर सेक्टर-4 की ग्रीन बेल्ट में दबिश दी और मौके से दो को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी है।



पुलिस के अनुसार उप निरीक्षक रोहतास सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुरुक्षेत्र के चक्रवर्ती मोहल्ला निवासी अंकुश और करनाल के कुंजपुरा स्थित प्रजापति मोहल्ला निवासी गुरबचन के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 3 किलो 940 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। इसके बाद थाना शहर में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से गुरबचन को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया, जबकि अंकुश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## संपादकीय

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक की विफलता

**भारत** के भविष्य के खिलाफ विपक्षी राजनीतिक दलों का सबसे बड़ा अपराध कांग्रेस पार्टी, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों द्वारा संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) को विफल करके प्रदर्शित किया गया असंवैधानिक, अनियंत्रित और महिला विरोधी रवैया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि भारत को आंतरिक और बाह्य, दोनों मोर्चों पर लड़ना होगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के साथ कम्युनिस्ट चीन और पश्चिमी जगत की गहरी बाजारवादी ताकतें भारत को अस्थिर करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। दूसरा मोर्चा उन आंतरिक विरोधियों का है जो भारत में अशांति फैलाने और अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। दोनों ही शत्रुओं को यह जानना चाहिए कि भारत ऐसे सशक्त व्यक्तित्वों को जन्म देता है जो समाज में योगदान देते हैं और राष्ट्र की महानता को पुनर्स्थापित करने में सहायक होते हैं। न केवल पुरुषों ने बल्कि महिलाओं ने भी अनेक अवसरों पर दृढ़ता का परिचय देते हुए यह सिद्ध किया है कि भारत को पराजित नहीं किया जा सकता।

**रानी अहिल्यादेवी होलकर**

भारतीय इतिहास में उनका एक विशिष्ट स्थान है क्योंकि उनकी शासन शैली प्रशासनिक और सैन्य कौशल के साथ-साथ सौम्य शक्ति (पूरे भारत में सनातन धर्म और सांस्कृतिक प्रतीकों के प्रति सम्मान) पर भी बल देती है। समय के साथ इतिहास के उन पन्नों में भी महिलाओं के साहस और करुणा की कहानियां मिलती हैं जो समय के साथ लुप्त हो गए हैं। फिर भी, उन्होंने हमारी राष्ट्र माता की सेवा करने के अपने प्रयासों में दृढ़ता दिखाई और उनकी विरासत को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। रानी देवी अहिल्याबाई होलकर को राजमाता के समान एक महान नेता और वीर योद्धा माना जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियों से कई पीढ़ियों की महिलाएं प्रेरित हुई हैं, जिन्होंने 18वीं शताब्दी में प्रचलित लिंगभेद की मजबूत रूढ़ियों और धारणाओं को तोड़ा। एक ऐसी महिला के बारे में सोचिए, जिसने युद्ध में अपने पति को खोने के कुछ वर्षों बाद अपनी इकलौती सहयोगी को भी खो दिया। कई सम्राट युद्ध की तैयारी कर रहे थे। उनके बीच भी प्रतिद्वंद्वी थे। वह भयभीत नहीं हुई लेकिन जब उन्होंने कदम बढ़ाया तो बहुत शत्रुता का सामना करना पड़ा। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन की ने उन्हें "दार्शनिक रानी" का नाम दिया था। निडर रानियों के लंबे इतिहास वाले देश में देवी अहिल्याबाई होलकर का असाधारण 30 वर्षीय शासनकाल अद्वितीय है, जिसने अमिट छाप छोड़ी और प्रेरणा का स्त्रोत बना। तमाम मुश्किलों के बावजूद, अपने छोटे से जीवनकाल में सनातन धर्म का विस्तार करके उन्होंने हिंदुत्व के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया, जिसे आज के हर भारतीय को बेहतर भारत और विश्व के लिए अपनाना चाहिए।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# डिजिटल यादें और भूलने का अधिकार

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "यह सिद्धांत व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत डेटा, डिजिटल पहचान और ऑनलाइन उपस्थिति पर नियंत्रण का अधिकार देता है। आज के समय में, जब किसी व्यक्ति की ऑनलाइन छवि उसके पेशेवर अवसरों, सामाजिक संबंधों और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, तब यह अधिकार और भी प्रासंगिक हो जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ किसी समय आपराधिक आरोप लगे हों, लेकिन बाद में वह अदालत द्वारा बरी कर दिया गया हो, तब भी इंटरनेट पर उपलब्ध पुरानी समाचार रिपोर्टें उसके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं"

भूल जाने का अधिकार (राइट टू बी फॉरगॉटन–आरटीबीएफ) आज के डिजिटल युग की सबसे जटिल और बहुआयामी कानूनी-नैतिक बहसों में से एक बन चुका है। इंटरनेट और डिजिटल प्रौद्योगिकी के विस्तार ने सूचना को स्थायी, सर्वसुलभ और वैश्विक बना दिया है, जिसके कारण एक बार प्रकाशित हुई जानकारी लंबे समय तक ऑनलाइन बनी रहती है और व्यक्ति के जीवन को निरंतर प्रभावित करती है। ऐसे परिदृश्य में आरटीबीएफ व्यक्ति को यह अधिकार प्रदान करता है कि वह अपनी पुरानी, अप्रासंगिक, भ्रामक या हानिकारक जानकारी को हटाने या कम-से-कम उसकी दृश्यता को सीमित करने की मांग कर सके। यह अधिकार विशेष रूप से उन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण हो जाता है जहाँ किसी व्यक्ति के अतीत की जानकारी उसके वर्तमान जीवन, रोजगार, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही हो। पहली दृष्टि में यह अधिकार मानवीय गरिमा, निजता और आत्म-सम्मान की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है, लेकिन जब यह प्रेस की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार से टकराता है, तब यह एक गंभीर संवैधानिक और नैतिक द्वंद्व उत्पन्न करता है, जिसका समाधान सरल नहीं है। आरटीबीएफ की अवधारणा का वैश्विक उद्भव 2014 में यूरोपीय संघ के प्रसिद्ध गूगल स्पेन मामले से हुआ, जहाँ न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि सर्च इंजन कुछ परिस्थितियों में ऐसी जानकारी को अपने सर्च परिणामों से हटा सकते हैं, जो अब अप्रासंगिक हो चुकी हो या व्यक्ति की निजता का अनावश्यक उल्लंघन करती हो। इस निर्णय ने डिजिटल अधिकारों के क्षेत्र में एक नया अध्याय खोला और इसके परिणामस्वरूप जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (जीडीपीआर) के अनुच्छेद 17 में मिटाने का अधिकार (राइट टू इरेजर) को कानूनी मान्यता दी गई। हालांकि, यूरोपीय मॉडल ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह अधिकार पूर्ण नहीं है और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जनहित, ऐतिहासिक अभिलेखों और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे



महत्वपूर्ण अपवादों के साथ संतुलित किया जाना आवश्यक है। इस प्रकार, आरटीबीएफ को एक सशर्त अधिकार के रूप में विकसित किया गया, जो व्यक्ति की निजता और समाज के व्यापक हित के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है। भारत में आरटीबीएफ का कोई स्पष्ट और समर्पित वैधानिक ढाँचा अभी तक विकसित नहीं हुआ है, लेकिन इसका आधार संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित गोपनीयता के अधिकार में देखा जा सकता है, जिसे 2017 के ऐतिहासिक पुट्टास्वामी निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी थी। इसके अतिरिक्त, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 (डीपीडीपी एक्ट) सीमित रूप से डेटा मिटाने का अधिकार प्रदान करता है, लेकिन यह मीडिया रिपोर्टों, सार्वजनिक अभिलेखों और पत्रकारिता से जुड़े मामलों में स्पष्ट दिशानिर्देश देने में अभी अपर्याप्त साबित होता है। सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 भी शिकायत निवारण का एक ढाँचा प्रदान करते हैं, परंतु वे इस जटिल संतुलन को प्रभावी ढंग से संभालने में सक्षम नहीं हैं। परिणामस्वरूप, भारत में आरटीबीएफ के अनुप्रयोग को लेकर न्यायिक निर्णयों में असंगति और अस्पष्टता देखी जा रही है, जो एक सुसंगत नीति की आवश्यकता को रेखांकित करती है। आरटीबीएफ और प्रेस की स्वतंत्रता के बीच टकराव को समझने के लिए सूचनात्मक आत्म-निर्धारण की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सिद्धांत व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत डेटा, डिजिटल पहचान और ऑनलाइन उपस्थिति पर नियंत्रण का अधिकार देता है। आज के समय में, जब किसी व्यक्ति की ऑनलाइन छवि उसके पेशेवर अवसरों, सामाजिक संबंधों और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, तब यह अधिकार और भी प्रासंगिक हो जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ किसी समय आपराधिक आरोप लगे हों, लेकिन बाद में वह अदालत द्वारा बरी कर दिया गया हो, तब भी इंटरनेट पर उपलब्ध पुरानी समाचार रिपोर्टें उसके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। ऐसे मामलों में आरटीबीएफ व्यक्ति को एक दूसरा मौका प्रदान करने का माध्यम बन सकता है, जिससे वह अपने अतीत की छाया से मुक्त होकर वर्तमान में आगे बढ़ सके। दूसरी ओर, प्रेस की स्वतंत्रता, जो संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) में निहित है, लोकतंत्र का एक मूलभूत स्तंभ है। यह केवल अभिव्यक्ति का अधिकार नहीं, बल्कि जनता के जानने के अधिकार का भी प्रतीक है। मीडिया की भूमिका केवल सूचना देना नहीं, बल्कि सत्ता की निगरानी करना, भ्रष्टाचार को उजागर करना और सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना भी है। यदि आरटीबीएफ का उपयोग व्यापक रूप से समाचार रिपोर्टों, खोजी पत्रकारिता या सार्वजनिक हित से जुड़ी जानकारी को हटाने के लिए किया जाने लगे, तो यह लोकतांत्रिक जवाबदेही को गंभीर रूप से कमजोर कर सकता है। विशेष रूप से तब, जब प्रभावशाली व्यक्ति या सार्वजनिक पदाधिकारी अपने अतीत से जुड़ी असुविधाजनक जानकारी को हटाने के लिए इस अधिकार का उपयोग करें, तब यह समाज के लिए खतरनाक प्रवृत्ति बन सकती है। हाल के वर्षों में कुछ न्यायिक मामलों में आरटीबीएफ के नाम पर गैग ऑर्डर जारी किए गए हैं, जो मीडिया को किसी विशेष जानकारी के प्रकाशन या प्रसार से रोकते हैं। ये आदेश कई बार प्रायर रेस्ट्रेंट का रूप ले लेते हैं, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पूर्व-प्रतिबंध होता है और संवैधानिक दृष्टि से अत्यंत संदेहास्पद माना जाता है। समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब ऐसे आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किए जाते हैं, बिना मीडिया या अन्य संबंधित पक्षों को सुने। इससे न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लगते हैं। यद्यपि कुछ मामलों में अदालतों ने बरी हुए व्यक्तियों के पक्ष में निर्णय देते हुए पुरानी जानकारी को हटाने का आदेश दिया है, वहीं अन्य मामलों में प्रेस की स्वतंत्रता को प्राथमिकता देते हुए ऐसे आदेशों को निरस्त भी किया गया है। इन विरोधाभासी निर्णयों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत में इस विषय पर एक सुसंगत और स्पष्ट कानूनी ढाँचे की तत्काल आवश्यकता है। आरटीबीएफ के संभावित दुरुपयोग के खतरे भी कम नहीं हैं। प्रभावशाली व्यक्ति, राजनेता या आर्थिक अपराधों में संलिप्त लोग इस अधिकार का उपयोग अपने अतीत को साफ करने और सार्वजनिक स्मृति को नियंत्रित करने के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा, स्ट्रैटेजिक लॉसूट्स अगेंस्ट पब्लिक पार्टिसिपेशन (एसएलएपीपी) जैसे मुकदमे पत्रकारों और मीडिया संस्थानों पर कानूनी दबाव डालने का एक साधन बन सकते हैं, जिससे वे संवेदनशील मुद्दों पर रिपोर्टिंग करने से बचें। साथ ही, स्ट्राइसैंड इफेक्ट का खतरा भी बना रहता है, जहाँ किसी जानकारी को दबाने का प्रयास उसे और अधिक प्रचारित कर देता है, जिससे स्थिति और जटिल हो जाती है। इन सभी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि भारत एक सुविचारित वैधानिक संतुलन परीक्षण विकसित करे।

# राजस्थान कांग्रेस में दिग्गजों को दरकिनार करने की साजिश

**निरंजन परिहार**

राजस्थान कांग्रेस रणभूमि बनी हुई है। खतरा डिजिटल खेल का है। तीर बाहर अंदर से चल रहे हैं। केंद्र में हैं गोविंद सिंह डोटासरा, जो अपने समर्थकों की हरकतों की हवा से घिरते हुए, धीरे-धीरे कमजोर पड़ते हुए और दूसरों को दरकिनार ठिकाने लगाने की कोशिश में खुद ठिकाने लगते हुए। यह परिदृश्य इसलिए बना क्योंकि उनके समर्थक, कांग्रेस के ही वरिष्ठ और दिग्गजों के विरोध में हवा बना रहे हैं, उनको तुच्छ बता रहे है और पार्टी विरोधी साबित करने का सामान सजा रहे हैं। घोषित किया जा रहा है कि राजनीति में सबसे जूनियर डोटासरा ही सबसे ताकतवर और सर्वश्रेष्ठ। बाकी किसी की कोई औकात नहीं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर बने रहने की यह ऐतिहासिक भूख है, जिसे इससे पहले इतनी हद तक गिरते हुए किसी ने नहीं देखा।

**डोटासरा ताकतवर, बाकी सारे कमजोर**

यह दृश्य अचानक गढ़ा गया है। डोटासरा समर्थकों की सक्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। आखिर किसके खिलाफ और किसके इशारे पर? निशाने पर हैं अशोक गहलोत, सचिन पायलट और टीकाराम जूली। उनकी अपनी ही पार्टी के नेता। गहलोत पचास साल की राजनीति, 3 बार मुख्यमंत्री और 3 प्रधानमंत्रियों के साथ केंद्र में मंत्री, 2 बार प्रदेश अध्यक्ष, 3 बार एआईसीसी महासचिव, 5 बार सांसद और 6 बार विधायकी के अनुभव का विराट आकाश। मगर, डोटासरा समर्थक घोषित कर रहे हैं कि गहलोत का कोई जनाधार नहीं। सचिन पायलट - केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक उपमुख्यमंत्री रहे और अब राष्ट्रीय महासचिव।मगर, फतवा जारी कि पायलट का कोई राजनीतिक कद नहीं। निशाने पर टीकाराम जूली भी हैं। जूली विपक्ष के नेता, पूर्व मंत्री, दलित चेहरा और जमीनी राजनेता। मगर लगातार अवहेलना करके संदेश यही कि उनकी भी कोई सियासी हैसियत नहीं। खास बात यह है कि राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा खुद अपने नेताओं को बिल्कुल टारगेट नहीं कर रहे। वैसे भी, अभी वे उतने शक्ति संपन्न नहीं है।

**कांग्रेस के फंड से ही कांग्रेस का नुकसान?**

पिछले कुछ समय से, अचानक उग आए कई सारे सोशल मीडिया हैंडल्स सिर्फ और सिर्फ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा को ही ताकतवर बताने पर आमादा है। खास बात यह भी है कि ये ज्यादातर नकली, फर्जी, छद्म और बेनामी सोशल मीडिया हैंडल्स उस हर नेता, कार्यकर्ता, समर्थक और यहां तक कि बुद्धिजीवियों, उद्यमियों, पत्रकारों और साहित्यकारों को भी केवल आरएसएस का एजेंट घोषित कर रहे हैं, जो गहलोत व पायलट को जानते हैं और नेता मानते हैं। इन बेनामी सोशल मीडिया हैंडल्स की विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली का नाम तक न लेने की अलग रणनीति है।

रणनीति यही कि जूली की अवहेलना कर-

## विचार

# सामाजिक सद्भाव और इस्लामी शिक्षाएँ

**नबीब**
**लेखक स्वतंत्र विचार**

आजकल अखबार पढ़ना या मीडिया को फॉलो करना काफी मुश्किल हो गया है। हालाँकि सोशल मीडिया अब रोजमर्रा की ज़िंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन गया है, लेकिन अक्सर ऐसी खबरें सामने आती हैं जिनसे पता चलता है कि सामाजिक सद्भाव को कितनी गहरी चोट पहुँची है और आपसी भरोसे पर कितना बुरा असर पड़ा है। यह सब ऐसे समाज में हो रहा है जहाँ अलग-अलग धर्मों, संस्कृतियों, भाषाओं और नस्लों के लोग एक साथ रहते हैं। इस विविधता के बावजूद, जीवनशैली और खान-पान की आदतों में कुछ हद तक समानता है, जो सामाजिक सद्भाव को जरूरी बनाती है। सच तो यह है कि भारतीय समाज सदियों से श्विविधता में एकताश् के विचार को जीता आया है—एक ऐसा उदाहरण जो दुनिया में कहीं और शायद ही देखने को मिलता है। यह सब सद्भाव, आपसी भरोसे और भाईचारे की भावना से ही मुमकिन हो पाया है। लेकिन आज, अलग-अलग राजनीतिक कारणों से ये मूल्य गंभीर खतरे में हैं, और कुछ विघटनकारी सामाजिक और राजनीतिक तत्व अपने निजी फायदे के लिए सद्भाव को नुकसान पहुँचा रहे हैं। ऐसी स्थिति में, मुसलमानों के तौर पर अपनी ज़िम्मेदारी को समझना और इस संबंध में इस्लाम की शिक्षाओं को जानना बहुत जरूरी है। किसी भी ऐसे समाज में जहाँ अलग-अलग समुदाय एक साथ रहते हैं, सद्भाव ही शांति और प्रगति की नींव होता है। भारत, अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के साथ, लंबे समय से सह-अस्तित्व का एक मजबूत उदाहरण रहा है। इस्लाम सिखाता है कि सांप्रदायिक सद्भाव न केवल एक सामाजिक जरूरत है, बल्कि एक नैतिक और धार्मिक कर्तव्य भी है। यह सम्मान, करुणा और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर जोर देता है, जिससे सद्भाव आस्था का एक जरूरी हिस्सा बन जाता है। कुरान इस बात पर रोशनी डालता है कि इंसानी विविधता ईश्वर की योजना का ही एक हिस्सा है। इसमें कहा गया है: श्ऐ इंसानों! हमने तुम्हें एक नर और एक मादा से पैदा किया और तुम्हें अलग-अलग कौमों और कबीलों में बाँटा, ताकि तुम एक-दूसरे को पहचान सकोश (49:13)। इस तरह, विविधता का मकसद आपसी समझ बढ़ाना है, न कि बँटवारा करना। धर्म, भाषा और संस्कृति में अंतर लोगों को एक-दूसरे को समझने और सहयोग करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे सद्भावना और सम्मान मजबूत होते हैं। इस्लाम इंसानी गरिमा पर भी जोर देता है। कुरान यह ऐलान करता है कि आदम की सभी संतानों को सम्मानित किया गया है (17:70)। यह हर इंसान के प्रति सम्मान को एक बुनियादी इस्लामी सिद्धांत के तौर पर स्थापित करता है, चाहे उसका धर्म या पहचान कुछ भी हो। जब इंसानी गरिमा को पहचाना जाता है, तो स्वाभाविक रूप से आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा मिलता है। इस्लाम की एक और अहम शिक्षा पड़ोसियों के अधिकारों से जुड़ी है। कुरान ईमान वालों को यह हिदायत देता है कि वे अपने पड़ोसियों के साथ नरमी से पेश आएँ, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। आयत (4:36) नजदीकी और दूर के, दोनों तरह के पड़ोसियों के प्रति अच्छे व्यवहार पर जोर देती है। विद्वान बताते हैं कि इसमें मदद करना, सहयोग करना और दयालुता से पेश आना शामिल है। इब्न माजा की एक रिवायत भी पड़ोसियों के साथ अच्छा बर्ताव करने के महत्व को उजागर करती है। भारत जैसे विविध समाज में, यह शिक्षा सामाजिक बंधनों को मजबूत करती है। पैगंबर मुहम्मद (उन पर शांति हो) का जीवन शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का एक व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करता है। मदीना में, उन्होंने एक सामाजिक समझौता स्थापित किया, जिसने मुसलमानों, यहूदियों और अन्य लोगों को एक ही नागरिक समुदाय के रूप में मान्यता दी। प्रत्येक समूह को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता थी, और आपसी सुरक्षा तथा सहयोग सुनिश्चित किया गया था। यह दशार्ता है कि सद्भाव इस्लामी परंपरा में गहराई से निहित है। शांति स्वयं इस्लाम का मूल तत्व है। श्इस्लामश शब्द 'सलाम' से आया है, जिसका अर्थ है शांति। कुरान मानने वालों को शांति की ओर झुकने के लिए प्रोत्साहित करता है (8:61) और मेल-मिलाप, क्षमा तथा सद्भावना को ऐसे गुणों के रूप में महत्व देता है जो समाज को मजबूत बनाते हैं। ये शिक्षाएं संघर्ष के बजाय आपसी समझ और संवाद को बढ़ावा देती हैं। भारतीय संदर्भ में, ये सिद्धांत विशेष रूप से प्रासंगिक हैं। भारत लंबे समय से अपने विविध समुदायों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान से समृद्ध रहा है। साहित्य, संगीत, वास्तुकला और सामाजिक विचार—ये सभी इस साझा विरासत को दशार्ते हैं। मुसलमानों ने भी इस विरासत में सक्रिय रूप से योगदान दिया है। सद्भाव की इस्लामी शिक्षाएं इस वातावरण के साथ भली-भांति मेल खाती हैं और सभी के साथ सकारात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करती हैं। इस्लाम अच्छे और लाभकारी कार्यों में सहयोग को भी बढ़ावा देता है। कुरान (5:2) लोगों को नेकी के कार्यों में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसका अर्थ है कि समुदायों को शिक्षा, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जन कल्याण के कार्यों में मिलकर काम करना चाहिए। ऐसा सहयोग विश्वास और सद्भाव—दोनों को मजबूत करता है। सम्मानजनक संवाद एक और महत्वपूर्ण शिक्षा है। कुरान बुद्धिमानी और विनम्रता के साथ बोलने की सलाह देता है (16:125)। विचारशील और सम्मानजनक संवाद मतभेदों को दूर करने तथा समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करता है। दैनिक जीवन में, दयालुता के छोटे-छोटे कार्य भी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं—पड़ोसियों का गर्मजोशी से अभिवादन करना, जरूरतमंदों की मदद करना, दूसरों की खुशियों में शामिल होना और कठिन समय में एक-दूसरे के साथ खड़े रहना। ये कार्य इस्लामी नैतिकता को दर्शाते हैं और देखभाल तथा सद्भावना की संस्कृति का पोषण करते हैं।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# ज्ञान की विरासत और रचनात्मक अधिकारों का उत्सव

**सुनील कुमार महला**

**प्रतिवर्ष** विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में पढ़ने की आदत, पुस्तकों और लेखकों को सम्मान देना है। सच तो यह है कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पढ़ने की रूचियों को बढ़ावा देना, पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, दुनिया भर के लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों का सम्मान करना, विशेष रूप से एआइ के इस युग में कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को ज्ञान और साहित्य से जोड़ना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस दुनिया भर में पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और बौद्धिक संपदा के उनके अधिकारों (राइट्स) के महत्व को रेखांकित करता है। पाठकों को बताता चलूं कि इस वर्ष का केंद्रीय संदेश या यूं कहें कि थीम पुस्तकों की शक्ति, पठन संस्कृति और भाषाई विविधता को बढ़ावा देने पर आधारित है। वर्ष 2025 में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस की थीम 'रीड योर वे' (अपने तरीके से पढ़ें) रखी गई है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि मोरक्को की राजधानी रबात को 2026 की 'विश्व पुस्तक राजधानी' चुना गया है, जो कि मोरक्को का राजनीतिक और प्रशासनिक केंद्र कहलाता है, जो पुस्तकों, पठन संस्कृति और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है।

**आज के डिजिटल दौर/समय में पुस्तकों का महत्व :-**

आज का दौर डिजिटल दौर है और इस डिजिटल दौर में भी पुस्तकों का महत्व और उपयोगिता कतई कम नहीं हुई है, जैसा कि पुस्तकें केवल पन्ने नहीं, अनुभवों और विचारों का खजाना होतीं हैं। दरअसल, पुस्तकें ज्ञान का अथाह भंडार होती हैं तथा ये किताबें ही होती हैं जो हमारे अतीत और भविष्य के बीच एक योजक कड़ी के रूप में काम करती हैं। प्रसिद्ध लेखक जे.के. रोलिंग ने यह बात कही है कि- 'यदि आपको पढ़ना पसंद नहीं है, तो आपको सही किताब नहीं मिली है।' कहना गलत नहीं होगा कि किताबें और दरवाजे एक ही चीज हैं। आप उन्हें खोलते हैं।

# भारत में वन डेटा पर पुनर्विचार

**डॉ विजय गर्ग**

भारत अक्सर राष्ट्रीय और वैश्विक रिपोर्टों में उत्साहवर्धक आंकड़ों का हवाला देते हुए अपने बढ़ते वन क्षेत्र का जश्न मनाता है। जंगलों और पेड़ों के मिश्रण से देश का लगभग एक चौथाई भूभाग बनता है तथा वैश्विक रैंकिंग में लगातार वृद्धि होती है, इसलिए यह कहानी सकारात्मक और आश्वस्त करने वाली प्रतीत होती है। फिर भी, इन संख्याओं के पीछे एक गहरी और अधिक जटिल वास्तविकता है: जंगलों को केवल क्षेत्रफल और संख्यात्मक वृद्धि से मापना अब उनके वास्तविक पारिस्थितिक स्वास्थ्य को समझने के लिए पर्याप्त नहीं है। भारत में वन प्रवचन का प्रमुख मीट्रिक "वन कवर" है। यह वृक्षों की छतरी के नीचे भूमि का उपग्रह-आधारित अनुमान है। यद्यपि यह उपाय उपयोगी है, लेकिन अक्सर प्राकृतिक वनों, वृक्षारोपणों और जंगलों के बाहर बिखरे हुए पेड़ों के बीच महत्वपूर्ण अंतर को धुंधला कर देता है। पारिस्थितिक मूल्य में व्यापक अंतर के बावजूद, नीलगिरी के एक-संस्कृति वृक्षारोपण को जैवविविध वर्षावन के समान माना जा सकता है। यह सीमा एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है: क्या हम जंगलों को माप रहे हैं, या केवल पेड़ों की गिनती कर रहे हैं? हाल के निष्कर्षों से पता चलता है कि पिछले दशक में समग्र वन क्षेत्र में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन यह वृद्धि असमान रही है। कुछ मामलों में, कुल हरित आवरण बढ़ने के बावजूद घने प्राकृतिक जंगलों की संख्या में कमी आई है, जिसका कारण अक्सर क्षतिपूर्तिात्मक वानिकी या वृक्षारोपण का विस्तार होता है। ऐसे रुझान वन गुणवत्ता का आकलन किए बिना केवल मात्रात्मक विस्तार पर निर्भर रहने की अपर्याप्तता को उजागर करते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, वह है जैव विविधता। भारत विश्व के सर्वाधिक जैवविविध देशों में से एक है, फिर भी वर्तमान वन मापदंड शायद ही कभी प्रजातियों की समृद्धि, पारिस्थितिकी तंत्र की जटिलता या आवास की अखंडता को दशार्ते हैं। देशी वनस्पतियों और जीव-जंतुओं से भरपूर वन अपूरणीय पारिस्थितिक सेवाएं प्रदान करता है।

## न्यूज फ्लैश

### कर्मचारियों के पीएफ-इएसआई में घोटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के उचानी स्थित पशुपालन विश्वविद्यालय के एक यूनिट में कर्मचारियों के पीएफ और ईएसआई अंशदान में गड़बड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेकेदार फर्म ने कर्मचारियों की सैलरी से कटौती तो की, लेकिन रकम संबंधित विभाग में जमा नहीं करवाई। इसके बजाय फर्जी चालान लगाकर यूनिवर्सिटी को गुमराह किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इन दस्तावेजों के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मामले में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के तहत आने वाले एचपीवीके, उचानी (करनाल) यूनिट की ओर से शिकायत दी गई है। शिकायत में बताया गया कि एम-एस लवण्या एंटरप्राइजेज, अशोक विहार, आजाद नगर, हिसार को 1 अगस्त 2018 से 30 जून 2019 तक आउटसोर्सिंग के तहत मैनपावर उपलब्ध कराने का ठेका दिया गया था। यह ठेका रजिस्ट्रार लुवास द्वारा 30 जुलाई 2018 को जारी आदेश के तहत दिया गया था। बाद में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस फर्म का अनुबंध समय-समय पर बढ़ाते हुए 31 मई 2021 तक जारी रखा।

शिकायत के अनुसार फर्म ने एचपीवीके उचानी में तैनात कर्मचारियों की सैलरी से पीएफ और ईएसआई अंशदान की कटौती की। साथ ही यूनिवर्सिटी को दिए गए हर बिल के साथ यह प्रमाणित किया कि संबंधित राशि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और ईएसआई विभाग में जमा करवा दी गई है, लेकिन बाद में कर्मचारियों की शिकायतों और जांच में सामने आया कि फर्म ने अधिकांश मामलों में यह राशि जमा ही नहीं करवाई।

जांच के दौरान जब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के रिकॉर्ड से मिलान किया गया तो सामने आया कि फर्म द्वारा दिए गए चालान फर्जी और जाली थे। केवल कुछ महीनों की ही राशि जमा करवाई गई थी, जबकि बाकी समय के लिए कोई जमा नहीं मिली। इस खुलासे के बाद मामले को गंभीर मानते हुए यूनिवर्सिटी के उच्च अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित विभागों को भी इसकी जानकारी दी गई।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए लवण्या एंटरप्राइजेज द्वारा जमा करवाई गई बैंक गारंटी को जब्त कर लिया। इसके अलावा फर्म को कई बार ईमेल और रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस भेजे गए, लेकिन फर्म ने किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया। फर्म के दिए गए पते पर भेजे गए रजिस्टर्ड पत्र भी वापस लौट आए, जिससे संदेह और गहरा गया।

इस पूरे मामले में एचपीवीके उचानी में तैनात 23 कर्मचारियों के पीएफ और ईएसआई अंशदान में गड़बड़ी सामने आई है। फर्म द्वारा इन कर्मचारियों के पैसे का गबन करने और खुद लाभ उठाने का आरोप है। यूनिवर्सिटी की ओर से इसे गंभीर आर्थिक अपराध मानते हुए पुलिस में शिकायत दी गई, जिसमें धोखाधड़ी, जालसाजी, विश्वासघात और कर्मचारियों के हक की राशि हड़पने की बात कही गई है।

### खरीद व्यवस्था की जांच को सुरजेवाला मैदान में: आज नरवाना, उचाना व जींद में करेंगे दौरा

**नरवाना, 22 अप्रैल राहुलः**
कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला आज जींद जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले की प्रमुख अनाज मंडियों का निरीक्षण कर फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगे। कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य कैलाश सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार सुरजेवाला सबसे पहले सुबह नरवाना की नई मेला अनाज मंडी पहुंचेंगे, जहां वे किसानों, मजदूरों और आढ़ती प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। यहीं मंडी परिसर में वह मंडी प्रधान जयदेव बंसल की दुकान पर पत्रकारों से बातचीत करेंगे और उसके बाद पूर्व मंडी प्रधान जियालाल गोयल की दुकान पर जलपान करेंगें।

यहां से फिर वह उचाना अनाज मंडी में पहुंचकर खरीद प्रक्रिया, भुगतान व्यवस्था और मंडी में उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण करेंगे। दौरे के अंतिम चरण में दोपहर बाद वे जींद अनाज मंडी पहुंचेंगे, जहां वे अधिकारियों से भी बातचीत कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।

# नरवाना में मासूमों पर कहर: हीट वेव में स्कूल का 'निरीक्षण'

**अमानवीय**

- हीट वेव गाइडलाइंस की धज्जियां: स्कूल में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार






**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 22** अप्रैल राहुल हथो
हरियाणा में भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरे के बीच नरवाना के सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल से सामने आई घटना ने शिक्षा व्यवस्था की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर सरकार बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस स्कूल में निरीक्षण के नाम पर मासूम बच्चों को चिलचिलाती धूप में खड़ा रखने का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार सोमवार को स्कूल में हुए निरीक्षण के दौरान बच्चों को करीब डेढ़ से दो घंटे तक तेज धूप में खड़ा रखा गया। उस समय तापमान काफी अधिक था और लू के थपेड़े चल रहे थे, जिससे बच्चों की हालत बिगड़ती चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बच्चे गर्मी से तड़पते रहे, लेकिन उन्हें न तो छांव में जाने दिया गया और न ही समय पर राहत उपलब्ध कराई गई। स्थिति उस समय गंभीर हो गई जब एक-एक कर कई बच्चे चक्कर खाकर गिरने लगे। बताया जा रहा है कि करीब 10 से 15 बच्चे मौके पर ही बेहोश हो गए, इसके बावजूद बच्चों को धूप से हटाने में देरी की गई, जिससे मामला और भी चिंताजनक बन गया।

------

**घटना का** सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि बच्चों को इस दौरान पीने के लिए पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं दूसरी ओर निरीक्षण के लिए आई टीम के लिए छांव, पंखे और बैठने की पूरी व्यवस्था मौजूद थी। एक तरफ टीम आराम फरमा रही थी, जबकि दूसरी ओर मासूम बच्चे गर्मी से बेहाल होकर जमीन पर गिर रहे थे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा पहले ही हीट वेव को लेकर स्पष्ट गाइडलाइंस जारी की गई थीं, जिनमें बच्चों को धूप से बचाने, पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने और बाहरी गतिविधियों को सीमित रखने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन नरवाना के इस स्कूल में इन आदेशों की खुलेआम अनदेखी सामने आई है।

------

**यह घटना** केवल लापरवाही नहीं बल्कि बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार और उनके स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ के रूप में देखी जा रही है। इस पूरे मामले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या निरीक्षण जैसी प्रशासनिक प्रक्रिया के नाम पर बच्चों की जान जोखिम में डालना अब सामान्य बात हो गई है। घटना के बाद अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है और वे स्कूल प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई और संभावित जांच पर टिकी हुई है, जिससे यह तय होगा कि इस मामले में दोषियों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

---------

**प्रिंसिपल के बिगड़े बोल** स्कूल प्रिंसिपल के बिगड़े बोल जब इस बारे में मीडिया कर्मी ने प्रिंसिपल स्कूल प्रिंसिपल से बात करनी चाहिए तो उन्होंने धमकी भरे अंदाज में कहा कि हमारे स्कूल का कोई मामला नहीं है और मैं बाहर हूं मीटिंग में हूं आपको बात करनी है तो स्कूल में आकर कीजिए

**सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल।**
**सिस्टर धान्य, प्रिंसिपल।**

----------

**क्या कहना है जिला शिक्षा अधिकारी का**
इस बारे में जब जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि मैने इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना को लेटर जारी कर दिया गया है खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट आने के बाद स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

### ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका में हर्षोल्लास से मनाया पृथ्वी दिवस

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका के प्रांगण में पृथ्वी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम साहिबजादे हाउस के इंचार्ज ने प्रधानाचार्य सुमन गोयल सहित दीक्षा गोयल का हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम का श्रीगणेश तीसरी कक्षा के छात्र गुरसेवक की सुरीली आवाज में कविता गायन से हुआ। गुरु सेवक ने बहुत ही सुरीले अंदाज में पृथ्वी के बारे में बताया। इसके बाद चौथी कक्षा की छात्राओं द्वारा पृथ्वी दिवस पर नृत्य प्रस्तुति दी गई। हिमांशी कक्षा आठवीं की छात्रा ने अपनी जोशीली कविता सुनाकर सबको भावुक कर दिया।

### योग द्वारा चेतना का विकास ही स्वास्थ्य का मूलमंत्र: विनोद बजाज

**मुहिम**

- गुलाटी के नेतृत्व मुहिम के अन्तर्गत लोगों को निरंतर योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के उद्देश्य के साथ योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में चलाई जा रही मुहिम के अन्तर्गत लोगों को निरंतर योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सेक्टर 12 फव्वारा पार्क में केनरा बैंक के सहयोग से एक दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केनरा बैंक की मंडल प्रबंधक मंजू राणा ने शिरकत की और मिशन की विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले साधकों को पुरस्कृत किया।

मंजू राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिनेश गुलाटी और टीम योग के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य की दिशा दिखाने में अग्रणीय भूमिका निभा रही है और केनरा बैंक उनके इस अतुलनीय मिशन में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। भविष्य में भी इस प्रकार के योग शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। केनरा बैंक से प्रतीक खुराना भी मौजूद थे। कार्यक्रम में पंचकूला से आए योग शिक्षक विनोद बजाज ने कई तरह के आसान प्राणायाम का अभ्यास कराया और बताया कि कैसे योग के द्वारा हम अपने बीमारियों को दूर करके जीवन को स्वस्थ और सरल बना सकते हैं। आज के जीवन में योग स्वास्थ्य का मूलाधार भी है। योग द्वारा चेतना का विकास ही स्वास्थ्य का मूलमंत्र है। कई बीमारियों से संबंधित योग और प्रणायाम के बारे में बताया और कहा कि योग विद्या ऐसी ऊर्जा है, जो मन में प्रविष्ट होकर एक सशक्त विचार बन जाती है और जब यह विद्या अभ्यास में उतरती है तो कई बीमारियों से उबरने का समर्थ साधन सिद्ध होती है। यही योग का परम उद्देश्य भी है।

### दूसरे दिन मेयर पद के लिए दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**सोनीपत, 22 अप्रैल।** नगर निगम सोनीपत आम चुनाव-2026 के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन नगर निगम मेयर पद के लिए दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दर्ज करवाया। इस दौरान इंडियन नेशनल कांग्रेस से कमल दीवान तथा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में कमलेश कुमार सैनी ने रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अजय चौपड़ा को अपना नामांकन पत्र सौंपा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संपन्न होगी।

नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल को की जाएगी, जबकि उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन तथा अंतिम प्रत्याशी सूची भी प्रकाशित की जाएगी। मतदान 10 मई को प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक होगा तथा मतगणना 13 मई को प्रातः 8:00 बजे से आरंभ की जाएगी। मेयर पद के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, वार्ड नंबर 1 से 7 नगर निगम पार्षद के लिए जिला राजस्व अधिकारी के कोर्ट रूम, वार्ड 8 से 14 के लिए उपमंडल अधिकारी (ना.) के कोर्ट रूम, सोनीपत तथा वार्ड 15 से 22 के लिए बीडीपीओ, सोनीपत कार्यालय में नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे।

### विद्यार्थियों को नशे, साइबर अपराध व यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 22 अप्रैल राहुलः**
पुलिस जिला जींद की नशा मुक्ति टीम द्वारा भारत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धरौदी में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर फ्रॉड, यातायात नियमों तथा नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार अपने स्टाफ सहित उपस्थित रहे, वहीं नशा मुक्ति टीम का नेतृत्व कर रहे उप-निरीक्षक नरेश कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर जागरूकता संदेश को गंभीरता से सुना।




इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप-निरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि युवाओं के भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई, खेल और सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने तथा नशे से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने जीवन को हां कहो, नशे को ना कहो। अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए ऑनलाइन शपथ के माध्यम से नशामुक्त भारत के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आजकल ठग फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से लोगों की निजी जानकारी जैसे ओटीपी और पासवर्ड हासिल कर धोखाधड़ी करते हैं, इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया। साथ ही सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में भी विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई।

### बंदूक दिखा कर चोरी कर ले गए सोना चोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 22 अप्रैल (विजय कौशिक) :**
लाडवा शहर में रात को जब अफरा तफरी मिच गई जब शहर के बजाजा बाजार में मंगलवार देर रात बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश सराफ से दो अंगूठी व पर्स लूट कर भाग गए। बदमाशों की तलाश में पुलिस टीमें लगी रहीं लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग नहीं लग सका। अनिल कुमार की दुकान पर देर रात उसका बेटा शुकल्प बैठा हुआ था। तभी - दो नकाबपोश बदमाश बाइक पर सवार होकर आए। एक बाहर बाइक स्टार्ट किए खड़ा रहा तो दूसरा दुकान के अंदर घुसा। जहां बंदूक के दम पर तिजोरी की चाबी मांगने लगा। शुकल्प ने शोर मचाया तो उस पर हमला भी कर दिया और आनन-फानन में बदमाश उसके हाथ से दो सोने की अंगूठी व पर्स लूटकर भाग गए। बाद में सूचना डायल 112 पर दी गई तो पुलिस टीमें पहुंची और जांच शुरू की।



पुलिस ने नाकेबंदी की और आसपास के सीसीटीवी भी खंगाले लेकिन देर रात तक बदमाशों का पता नहीं कर पाई। डीएसपी निर्मल सिंह ने कहा कि बदमाशों को जल्द काबू कर लिया जाएगा। इसके लिए सीआईए सहित कई टीमें लगाई गई हैं।

### सेक्टर 25 पार्ट-2 में बनेगी आधुनिक ट्रक पार्किंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 22 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को शहरी विधायक प्रमोद विज ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक ने बताया कि सेक्टर 25 पार्ट-2 में ट्रकों के लिए आधुनिक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए करीब 9 करोड़ रुपये का टेंडर पहले ही जारी हो चुका है। उन्होंने उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया से अनुरोध किया कि स्थल की जल्द निशानदेही करवाई जाए

### रोड सेफ्टी व साइबर सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला में चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के तहत आज गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांव चिराओ तथा दून इंटरनेशनल स्कूल, करनाल में विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी व साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम कॉर्डिनेटर सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को सडक पर सुरक्षित चलने के नियमों, ट्रैफिक संकेतों की जानकारी तथा हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी व व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शिष्टाचार, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने के गुणों पर भी विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। उन्हें बताया गया कि अच्छे व्यवहार और जिम्मेदारीपूर्ण आचरण से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।



इस अवसर पर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल वनीता शर्मा, तथा दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन जसकरन सिंह व प्रिंसिपल स्वर्णजीत कौर भी मौजूद रहे। उन्होंने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के जागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को इन सीखों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रोड सेफ्टी नियमों का पालन करने और साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संकल्प लिया।

### प्राणदायिनी धरा को प्रदूषण मुक्त व वृक्षों से हरी-भरी बनाने का लें संकल्प: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 22 अप्रैल** । ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर पोस्टर बनाकर, स्लोगन लिखकर, कविता पाठ कर व भाषण के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ पौधरोपण भी किया। वहीं प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर प्रकृति का सम्मान करने और पृथ्वी को बचाने के लिए सभी का आह्वान किया। पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में पहुंचे स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं को पृथ्वी दिवस व पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत करवाया।



सुधीर जैन ने कहा कि हम सभी को प्राणदायिनी धरा को प्रदूषण मुक्त और वृक्षों से हरी-भरी बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

सुधीर जैन ने कहा कि वेद और पुराणों जैसे ग्रंथों में हजारों साल पहले ही पृथ्वी को ह्यमाताह्न मानकर उसके सम्मान और संरक्षण की सीख दी जा चुकी है। हमें धरती को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, प्रदूषण, वनों की कटाई, प्लास्टिक कचरा और ग्लोबल वार्मिंग जैसी कई पर्यावरणीय समस्याएं हमारे ग्रह के लिए खतरा बन रही हैं। पृथ्वी दिवस इस नुकसान को रोकने के लिए चेतावनी देने का मौका है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम छोटे-छोटे कदम उठाकर बड़े बदलावों की शुरूआत कर सकते हैं, चाहे वह प्लास्टिक का कम इस्तेमाल हो, पेड़ लगाना हो या पानी बचाना।

डायरेक्टर ध्रुव जैन ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' के महत्व से अवगत करवाया। यह थीम इस विचार को बल देता है कि पृथ्वी की रक्षा करने की शक्ति हर किसी के पास है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, हरित और सुरक्षित वातावरण केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। यह दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों की याद दिलाता है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि पृथ्वी दिवस पर विशेष असेंबली का आयोजन किया गया। भव्या, मयंक, अर्जुन, रणविजय, आर्यन आदि छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर नृत्य नाटिका की दमदार प्रस्तुति दी। 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्राइमरी कक्षाओं के बच्चे जेसिका, नरेन, जीनल, अनिका, आरव, जिया, युद्धवीर, कनक, वंश, विनीत, काव्या, सानवी, वैदेही आदि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आकर्षक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

### सीजेएम ने किया सब डिवीजन असंध की अदालतों व कानूनी सहायता केंद्र सालवन, असंध व मूनक का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सचिव डॉ. इरम हसन ने बुधवार को सब डिवीजन असंध की अदालतों का निरीक्षण किया।

इस मौके पर एसीजे (सीनियर डिवीजन) असंध हरीश सब्रवाल उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सीजेएम डॉ. इरम हसन ने पैनल अधिवक्ताओं से बातचीत की और पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने व पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।



इसके बाद सीजेएम डॉ. इरम हसन ने कानूनी सहायता केंद्र सालवन, असंध व मूनक का निरीक्षण किया और उपस्थित पैरा लीगल वालंटियर का मार्गदर्शन करते हुए लोगों को पृथ्वी दिवस की जानकारी देने और पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने व पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में पृथ्वी दिवस उत्साह के साथ मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

कुरुक्षेत्र: पृथ्वी दिवस को सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण विषयों पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रकृति की रक्षा करने और स्वच्छ व हरित पृथ्वी के निर्माण में योगदान देने की शपथ भी ली। उत्सव के अंतर्गत छात्रों को पैनोरमा शो के लिए भी ले जाया गया, जहां उन्होंने पर्यावरण से संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस गतिविधि से उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ और पर्यावरणीय मुद्दों की गहरी समझ विकसित हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। यह समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसने छात्रों को पृथ्वी की रक्षा के लिए सार्थक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

### पृथ्वी संरक्षण का संकल्प: गीता विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र**: श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। एनसीसी अधिकारी एवं आचार्य जयदीप मेहता द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन दिया गया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण हेतु दैनिक जीवन में सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के लिए अनेक रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक पेंटिंग प्रस्तुत की। पर्यावरण संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा 7 के छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट निर्माण गतिविधि में भाग लिया। वहीं कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण विषय पर प्रयोग प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मदान ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन तक सीमित न रखकर, हमें प्रतिदिन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर समन्वयक अनुज वालिया, शिक्षक नरेंद्र सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# पांच अप्रैल को खाया जहर, लेकिन मौत के बाद हुआ पर्चा दर्ज, परिजन ने लगाए आरोप

## विदेश भेजने को लेकर 45 लाख रुपए की की ठगी के आरोप





**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा (विजय कौशिक)** लाडवा खंड के गांव हलालपुर में दो व्यक्तियों ने गांव के लाभ सिंह निवासी हलालपुर को विदेश भेजने के नाम पर गुमराह कर लगभग 45 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके चलते गांव हलालपुर निवासी लगभग 47 वर्षीय लाभ सिंह ने कोई जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। जिससे पूरे गांव सहित क्षेत्र में गमगीन का माहौल बना हुआ है। वहीं परिजनों ने बुधवार सांय 5 बजे तक न्याय मिलने व आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक मृतक का अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया।

मृतक लाभ सिंह के साले संदीप कुमार ने बताया कि उसका जीजा लाभ सिंह एक बहुत ही नेक और शरीफ ईमानदार व्यक्ति था। उन्होंने बताया कि उनके एक रिश्तेदार जो इमीग्रेशन सेंटर संचालक संदीप व उसके पार्टनर एवं पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन मेघराज सैनी ने उसे अपनी बातों में गुमराह करते हुए उसे विदेश भेजने के नाम पर बैंक खातों में लाखों रुपए का लेनदेन किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी सेंटर संचालक संदीप व उसके पार्टनर मेघराज सैनी ने एक साजिश के तहत 2 एकड़ कृषि भूमि का 45 लाख रुपए में इकरारनामा तैयार करवा लिया। जिस जमीन की वास्तविक कीमत लगभग 2 करोड रुपए बताई जा रही है। आरोपियों ने पैसे निकलवाने के बाद लाभ सिंह पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि या तो दो एकड़ जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम करवाएं या 45 लाख रुपए की डबल राशि उन्हें दे। जिससे लाभ सिंह काफी मानसिक तनाव में आ गया। आरोपी उसके घर आकर भी तरह-तरह की धमकियां देकर जाने लगे। मृतक के साले संदीप ने बताया कि उनके पास इस लेनदेन से संबंधित पुख्ता सबूत व फोन की रिकॉर्डिंग भी है। लाभ सिंह ने ज्यादा मानसिक दबाव के चलते 5 अप्रैल को कोई जहरीला पदार्थ निकल लिया। जिससे बाद उसे चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के मिनी पीजीआई में भर्ती करवाया गया। परिजनों ने 10 अप्रैल को लाडवा थाना में इस संबंध में शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी अपनी राजनीतिक पहुंच के चलते बचता रहा बल्कि पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। आखिर एसपी कुरुक्षेत्र के हस्तक्षेप के बाद लाडवा पुलिस चंडीगढ़ लाभ सिंह के बयान लेने पहुंची। जिसमें लाभ सिंह ने सेंटर संचालक संदीप व मेघराज सैनी पर सीधे आरोप लगाए। परिजनों ने बताया कि गत मंगलवार बुधवार की रात्रि लाभ सिंह की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। लाडवा पुलिस ने 11 दिन बाद 21 अप्रैल को आखिर फिर शिकायत दर्ज की। जब गांव में मृतक लाभ सिंह की लाश पहुंची तो सारे गांव में मातम व रोष छा गया। मामला बढ़ता देख लाडवा डीएसपी निर्मल कुमार, थाना प्रभारी गुरनाम सिंह अपने दल बल सहित गांव में पहुंचे और पहले बुधवार को प्रातः 10:00 बजे तक आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया परंतु बाद में फिर सांय 5 बजे तक का समय दिया। समाचार लिखे जाने तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी। वहीं मृतक के परिजनों सहित संदीप ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि यदि पुलिस बुधवार सांय 5:00 बजे तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती तो वह लाभ सिंह के पार्थिव शरीर (लाश) को लाडवा थाना के समक्ष रखकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे।

# 16 वर्षीय नमन लुहाच ने रचा इतिहास, 35.53 सेकंड में सुनाए 1 से 50 तक के 'क्यूब्स'



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र**: प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, यह साबित कर दिखाया है गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 16 वर्षीय छात्र नमन लुहाच ने। अपनी असाधारण स्मरण शक्ति और तेज प्रस्तुति क्षमता के दम पर नमन ने इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नमन ने 1 से 50 तक के घनों (क्यूब्स) को मात्र 35.53 सेकंड में बोलकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 37.80 सेकंड का था, जिसे नमन ने शानदार प्रदर्शन के साथ पीछे छोड़ दिया। इस उपलब्धि के बाद गुरुकुल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। साथी छात्र और शिक्षक नमन की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने नमन की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों की छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देना है। उन्होंने बताया कि हर बच्चे में कोई न कोई विशेष क्षमता होती है, जिसे यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वह राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना सकता है।

# प्रार्थना घर गांधी कॉलोनी में पार्क हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

**समालखा (संजय नरवाल)**

स्थानीय गांधी कॉलोनी हथवाला रोड़ समालखा के प्रार्थना घर में भव्य मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। पास्टर सत्यम जी ने आए हुए सभी मेडिकल स्टाफ और लोगों का धन्यवाद किया। प्रार्थना घर की ओर से सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।राकेश कुमार सिसोदिया डायरेक्टर पार्क हॉस्पिटल, पानीपत ने बताया कि हॉस्पिटल ऐसे लोगों तक पहुंचने का प्रयास करता रहता है जो मजदूर है जिनके पास समय की कमी है , महंगा ईलाज वहन नहीं कर सकते, हॉस्पिटल



उनके आस पास फ्री चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहता है। अगर इन शिविरों में से कोई बीमार व्यक्ति हॉस्पिटल में चिकित्सा लेने पहुंचता है तो उन्हें विशेष छुट भी हर प्रकार से दी जाती है।

# गुरु शंकराचार्य के ज्ञान और परिश्रम से ही सनातन संस्कृति की रक्षा हुई: डॉ. मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म सिंह जोगनाखेड़ा**




**थानेसर**: आदि शंकराचार्य वेदों के परम विद्वान थे, प्रखर भविष्यद्रष्टा थे। उन्होंने सनातन वैदिक धर्म के अपने ज्ञान से तत्कालिन समय में केवल रक्षा ही नहीं की वरन सनातन धर्म और वेदों का अस्तित्व और प्रतिष्ठा अनंत काल तक बनाए रखने की दृष्टि के साथ अपने जीवनकाल में ही जगह जगह भ्रमणकर वेदान्त दर्शन का प्रचार प्रसार किया । इसी उद्देश्य से उन्होंने देश की चारों दिशाओं में चार धाम, चार पीठ, बारह ज्योर्तिलिंगों और अखाड़ों की स्थापना की। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अद्वैत संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

अद्वैत संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज से अठारह सौ वर्ष पूर्व केरल में जन्में आदि गुरु शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष की अल्पायु में ही वेदों का अध्ययन,भारत भ्रमण और दर्शन का प्रचार किया। आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्याता और सनातन धर्म प्रचारक थे। हिन्दू धार्मिक मान्यता के अनुसार इनको भगवान शंकर का अवतार माना जाता है।आदि शंकराचार्य ने अल्पायु में ही अपने अलौकिक वैदिक ज्ञान और वेदान्त दर्शन से बौद्ध, मीमांसा, सांख्य और चार्वाक अनुयायियों की वेद विरोधी भावनाओं को सफल नहीं होने दिया। आदि शंकराचार्य ने ज्ञान मार्ग के द्वारा ही न केवल बौद्ध धर्म और अन्य संप्रदायों के विद्वानों को शास्त्रार्थ में पराजित कर वेद धर्म का मान बढ़ाया बल्कि उन धर्म और संप्रदायों के अनुयायियों ने भी वैदिक दर्शन को स्वीकार कर लिया। सनातन संस्कृति के प्राणाधार आदि गुरु शंकराचार्य के ज्ञान और परिश्रम से ही सनातन संस्कृति की रक्षा हुई।

डॉ.श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा शंकराचार्य द्वारा अद्वैत दर्शन यह सिद्धांत बताता है कि ब्रह्म ही एकमात्र परम सत्य है, यह क्षणिक संसार ब्रह्म का भ्रामक रूप है। शंकराचार्य के अनुसार सांसारिक मोह से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्तव्यों का पालन करना ही सच्ची साधना है। आदि गुरु शंकराचार्य की शिक्षाओं एवं विचारों को आत्मसात करके ही आज की अशांत दुनिया में अहिंसा एवं शांति की स्थापना हो सकती है। आज के वर्तमान विश्व के लिए आदि गुरु शंकराचार्य बहुत ही प्रासंगिक है। अद्वैत संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने भी अनेक संस्मरण प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र से हुआ।

# हिंदू हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

**लाडवा, 22 अप्रैल (विजय कौशिक)** : हिंदू स्कूल में हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के अंतर्गत पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग, मैनेजर योधराज बंसल , सदस्य रविंद्र बंसल, ईश्वर चंद गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को



आशीर्वाद देते हुए पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के एग्रीकल्चर विभाग के पूर्व सीईओ समीर गोयल ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि हमारी चेतना का प्रतीक है। यह दिन हमें धरती मां के महत्व और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी का एहसास कराता है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही पर्यावरण की रक्षा संभव है। विद्यालय की प्रधानाचार्या योगिता अहलूवालिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पेड़ों की कटाई और प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से पृथ्वी को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक समारोह नहीं, बल्कि जागरूकता और जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। कार्यक्रम के दौरान हेड बॉय हिमांशु शर्मा और हेड गर्ल सुनिधि कक्षा 10 को मुख्य अतिथि एवं प्रबंधक समिति के सदस्यों द्वारा सैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पृथ्वी की सुरक्षा के प्रति जिम्मेवारी का भाव रखते हुए शपथ ग्रहण की यह आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पृथ्वी की सुरक्षा के प्रति विकसित करने में सफल रहा।

# ग्लोब हेरिटेज में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**लाडवा,(विजय कौशिक)** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में पृथ्वी दिवस मनाया गया जिसमें बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया और विद्यार्थियों को धरती को हरा-भरा बनाने, प्रदूषण कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रार्थना सभा के दौरान




बच्चों को पर्यावरण व धरती सुरक्षा के लिए संकल्प दिलाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, शिक्षित और सक्रिय करने के उद्देश्य के साथ मनाया जाता है जिसमें वर्ष 2025 की थीम रहमारी शक्ति, हमारा ग्रह जिसके अंतर्गत सभी से नवीकरणीय ऊर्जा के लिये एकजुट होने और वर्ष 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान करता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेव अर्थ, सेव नेचर जैसे नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

## शादी समारोह में युवक की हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** निजी होटल में बारातियों के बीच हुई आपसी कहासुनी के चलते एक व्यक्ति की हत्या करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सदर थाना जींद प्रभारी मनीष कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि गत 20 अप्रैल को पुलिस चौकी सीएसआरयु को जानकारी मिली कि गांव बराहखुर्द निवासी विकास की कुसुम होटल में आपसी कहासुनी के चलते हत्या कर दी गई है। मृतक के भाई अरविंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई के साथ अपने चाचा के लड़के कि शादी में जींद में आए थे।

# देश को टीबी मुक्त बनाना है, सहयोग करे: डॉ. रमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, (विजय कौशिक)** :

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने खंड बाबैन की 21 पंचायतों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम में पहले साल टीबी मुक्त होने वाली पंचायत को ब्राउंज, लगातार दो साल टीबी मुक्त पंचायत को सिल्वर और लगातार 3 साल से टीबी मुक्त पंचायत को गोल्ड कैटेगिरी में रख कर सम्मानित किया गया है। बाबैन के एसएमओ डॉ. रमन जैन ने बताया कि 2023 से जिला में टीबी मुक्त कुरुक्षेत्र अभियान



चलाया जा रहा है जिसमें खंड बाबैन की पंचायतें बढ़ चढकर सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सहयोग करने व अपने गांवों को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग देने के लिए खंड बाबैन की ग्राम पंचायत बाबैन, महुवाखेड़ी, फालसंडा रांगडान, गुहन, सुनारिया, डेरा चांदपुरा, मंढोखरा, हरि सिंह माजरा, सूरजगढ़, बीरसुजरा, सुजरी, मंगोली रांगडान, रामपुरा, बरगट थलीपुर, बरगट जट्टान, राम नगर (156), बेरथली, लखमडी, सैनी माजरा, घिसरपडी व सिंबल वाल को सम्मानित किया। डॉ. रमन जैन ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान जनभागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता है। पंचायत ने जागरूकता फैलाने, मरीजों की पहचान करने और उनके उपचार

**सम्मान**

- खंड बाबैन की 21 पंचायतों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

में सहयोग देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो अन्य गांवों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश को टीबी मुक्त बनाना है। इसके लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और आम जनता मिलकर काम कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा किए गए प्रयास इस दिशा में एक सराहनीय पहल हैं।

# पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा जिसे बचने के लिए पौधारोपण जरूरी: खुशबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, (विजय कौशिक)**:

सावित्री बाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबैन में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने पृथ्वी को बढ़ते प्रदूषण से बचाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने नाटक (स्किट) के माध्यम से प्रदूषण, वनों की कटाई और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने नाटक के जरिए संदेश दिया कि यदि हम आज से ही प्रकृति की रक्षा के लिए कदम नहीं उठाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने पोस्टर मेकिंग में भी भाग लिया, जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल खुशबू सैनी ने



कहा कि पृथ्वी सौरमंडल का सबसे अद्वितीय ग्रह है क्योंकि पृथ्वी पर ही जीवन संभव है। उन्होंने कहा कि आज पेड़ों के अत्याधिक कटाव और बढ़ते प्रदूषण से पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है जिससे बचने के लिए आज पृथ्वी पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में पेड़ पौधों को देव तुल्य माना गया है और आदि काल से ही वृक्षों की पूजा की जाती रही है। उन्होंने कहा कि यदि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण होगा तो बढ़ते प्रदूषण से बचने के साथ-साथ अनेक प्रकार की बीमारियों से भी बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आज मानव प्रकृति के साथ अनुचित छेडखानी अर्थात अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काटकर व अत्यधिक औद्योगीकरण व प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग करके पृथ्वी को प्रदूषित कर दिया है। बढ़ते प्रदूषण से आज जीव-जगत पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं और अनावृष्टि,

**जागरूक किया**

- नाटक के माध्यम से प्रदूषण, वनों की कटाई और जल संरक्षण जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया

ग्लोबल वार्मिंग, अन्य शारीरिक रोगों में अत्याधिक वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी सौरमंडल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जहां पानी वनस्पति व जीवन संभव है, इसलिए यदि हमें अपने जीवन को सुखी व रोग मुक्त रखना है तो हमे पृथ्वी को प्रदूषण से बचाना होगा। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अक्षय सैनी, स्कूल के अध्यापक एवं बच्चे भी उपस्थित रहे।

# जिन्दल फाउंडेशन द्वारा बुहावी में 131 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैन।** सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में लाडवा विधानसभा क्षेत्र के बुहावी की कश्यप चौपाल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गांव के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान चिकित्सक ने मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां



वितरित की गईं। इसके साथ ही रक्त परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट के डॉ. पूर्णमल ने बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक चला, जिसमें कुल 131 लोगों की जांच की गई। इस दौरान 11 मरीजों के रक्त परीक्षण भी किए गए, जिससे उन्हें समय पर सही उपचार मिल सके।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# विधायक देवेंद्र कादियान ने नगर पालिका को सौंपी दो नई गार्बेज वैन

**उद्घाटन**

**देवा कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने गार्बेज वैन का उद्घाटन किया**



बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने गार्बेज वैन का

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगरपालिका पालिका को कूड़ा उठाने वाली दो नई गार्बेज वैन भेंट की। देवा कार्यालय में उद्घाटन किया और उन्हें वार्डों में सफाई कार्य के लिए रवाना किया। ये गाडि ?ां मुरथल स्थित ब्रेक पार्ट्स कंपनी द्वारा सीएसआर फंड के तहत दान की गई है, जिनकी कुल लागत करीब 25 लाख रुपये है। विधायक कादियान ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही अन्य कंपनियों के माध्यम से दो और नई गाडि ?ां बेड़े में शामिल होंगी, जिससे घर-घर कूड़ा कलेक्शन का काम और तेज होगा। विधायक कादियान ने कहा कि गन्नौर की जनसंख्या के हिसाब से वर्तमान में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम है।

जब गन्नौर नगरपालिका को नगर परिषद का दर्जा मिलेगा, कर्मचारियों और संसाधनों की संख्या बढ़ेगी और शहर को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ब्रेक पार्ट कंपनी से कर्मसिंह, पालिका अभियंता राहुल मोर, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, हरीश मदान, अजय सरोहा, दीपक कामी, राजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।

# सड़क पार कर रहे दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

**हादसा**

**पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है जल्द ही पता लगा लिया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जीटी रोड चौकी ढाणी के पास अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे दो दास्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक दोस्त की मौके पर ही मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में पटेल नगर के रहने वाले अतुल त्यागी ने बताया कि उनका बड़ा बेटा ध्रुव त्यागी सोनीपत में निजी कंपनी में कार्यरत था। 21 अप्रैल को उसका बेटा ध्रुव और उसका दोस्त अनूप निवासी गांव पट्टीकल्याणा जिला पानीपत को रात के समय जीटी रोड चौकी ढाणी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो उसकी बेटे ध्रुव की मौत हो चुकी थी, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल था। जिसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई दाखिल करवाया गया है। थाना बड़ी पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि जीटी रोड पैदल पार करते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें ध्रुव की मौत हो गई। अनूप को भी गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई भर्ती करवाया गया है। जांच में सामने आया कि मृतक ध्रुव और उसका दोस्त अनूप बाइक पर घर से निकले थे, लेकिन जहां उनका हादसा हुआ वहां उनकी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है जल्द ही उसका पता लगा लिया जाएगा। वहीं बाइक को बरामद करने का भी प्रयास पुलिस कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 के गोल चक्कर के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव उमेदगढ़ के रहने वाले आकाश ने बताया कि 20 अप्रैल को वह अपने छोटे भाई अजय को अपनी बाइक पर बैठा कर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में काम के लिए जा रहा था। जब वह फेज 1 के गोल चक्कर पार करने लगा तो सामने से लापरवाही से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह व उसका भाई सड़क पर गिर कर घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें खानपुर मेडिकल में भर्ती करवाया। जहां उसका भाई गंभीर चोट की वजह से अब भी उपचाराधीन है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया गया पृथ्वी दिवस




रादौर, 22 अप्रैल (कुलदीप सैनी) : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अमित सिंघल ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने मिलकर विभिन्न पौधे लगाए और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को धरती की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया गया। प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने अपने संबोधन में बताया कि हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने वर्ष 2025 की थीम ह्लहमारी शक्ति, हमारा ग्रहह्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ह्लसेव अर्थ, सेव नेचरह्व जैसे नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

### तीन गांव के रकबे में गेहूं के फानों में लगी भीषण आग से 40 एकड़ फसल जलकर राख

**रादौर, 22 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव पलाका, छारी व मंसूरपुर गांवों के रकबे में बुधवार को अज्ञात कारणों से गेहूं के फानों में भीषण आग लग गई, जिससे करीब 40 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेज थी कि एक के बाद एक खेत इसकी चपेट में आते चले गए। ग्रामीणों के अनुसार सूचना देने के बावजूद अग्निशमन विभाग से मदद नहीं मिल सकी, जबकि डायल 112 टीम भी प्रभावी सहायता नहीं कर पाई। मिली जानकारी के अनुसार गांव छारी डेरा के समीप सड़क किनारे से अचानक आग सुलगी। जिसने धीरे-धीरे गेहूं के फानों के खेत में फैलना शुरू कर दिया। आग लगने से गांव चमरोड़ी निवासी रतन सिंह के करीब 8 एकड़ गेहूं के फाने, बलिंदर के दो एकड़ व लक्ष्मी चंद के दो एकड़ गेहूं के फाने जलकर राख हो गए। वहीं गांव पलाका में पंचायती भूमि को ठेके पर लेकर खेती करने वाले रिंकू, तेजपाल, रमेश, श्याम सिंह व मनिंदर सिंह के भी करीब 10 एकड़ गेहूं के फाने जल गए। आग लगने के कारण गांव मंसूरपुर के किसानों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# शहर में आधार सेवाएं ठप, पार्षदों ने एडीसी के नाम नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन सौंपा**

**नगरपालिका गन्नौर में आधार कार्ड से जुड़ी सेवाएं लंबे समय से ठप पड़ी हैं,**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नगरपालिका गन्नौर में आधार कार्ड से जुड़ी सेवाएं लंबे समय से ठप पड़ी हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं फैमिली आईडी से संबंधित कार्य भी सुचारू रूप से नहीं चल रहा। इस समस्या को लेकर नगरपालिका पार्षदों ने नपाध्यक्ष अरुण त्यागी को अतिरिक्त उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि संबंधित जोनल सिटिजन रजिस्ट्रेशन एंड रजिस्ट्रेशन मैनेजमेंट सिस्टम (जेडसीआरआइएम) आपरेटरों की लापरवाही के चलते फैमिली आइडी का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि आपरेटर सप्ताह में केवल तीन दिन ही आते हैं और 2-3 घंटे ही कार्यालय में दिखते हैं। जिससे लोगों की फैमिली आइडी से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी सही तरीके से नहीं किया जा रहा। पार्षदों ने कहा कि आमजन लगातार परेशान हैं और उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पार्षदों व नपाध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि आधार मशीन को जल्द ठीक कराया जाए, स्थायी जेडसीआरआइएम आपरेटरों की नियुक्ति की जाए और सेवाओं को सुचारू रूप से शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिले। इस मौके पर पार्षद वार्ड 17 पार्षद शमशेर सैनी, वार्ड 16 पार्षद नरेश वर्मा, वार्ड 9 पार्षद प्रतिनिधि हरविंद्र त्यागी, वार्ड 8 पार्षद विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हुआ एलएमसी बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में स्थानीय प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता एडीजीपी करनाज रेंज एम. रवि किरण ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करना, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षा परिणाम, अनुशासन व्यवस्था, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों के संवर्धन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विद्यालय के समग्र विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य सदस्यों में वीके मित्तल (एआरओ, एचआर जोन), नरेंद्र बिजारणिया (एसपी करनाल), सुश्री गीतिका जसूजा (विद्यालय प्रबंधक), इंदर पाल (कार्यकारी अभियंता), सुश्री ममता पांडे (प्रधानाचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल इंद्री रोड करनाल), संतोष तिवारी (प्रधानाचार्य डीएवी मधुबन), सुश्री नीतू वालिया, सुश्री सविता देवी, अजय कुमार एवं दीपक कुमार उपस्थित रहे।

# नगरपालिका चेयरमैन ने किया गुरुद्वारा सिंह सभा में चैरिटेबल लैब का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर,** 22 अप्रैल (कुलदीप सैनी) : गुरुद्वारा सिंह सभा ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए चैरिटेबल लैब शुरू की है, जहां स्थानीय लोगों को बेहद कम कीमत पर स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। इस चैरिटेबल लैब का शुभारंभ आज नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने रिबन काटकर किया

इस मौके पर नपा चेयरमैन रजनीश मेहता ने कहा कि इस चैरिटेबल लैब के शुरू होने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें महंगे निजी लैबों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और कम खर्च में ही जरूरी जांच सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाना समय की आवश्यकता है, और इस दिशा में यह पहल एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। इस प्रकार की चैरिटेबल सेवाएं खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए बेहद लाभकारी साबित होंगी।

# नव ज्योति स्कूल भावर में पृथ्वी संरक्षण के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नव ज्योति स्कूल भावर में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।




उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के दौर में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान दे। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, वायु प्रदूषण को कम करने और पॉलीथिन के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थी स्वयं कपड़े के थैले तैयार कर समाज में वितरित करें, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़े और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने 'ग्रीन फ्यूचरइ का संकल्प लेते हुए पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

# गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व 18 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** गुरुद्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह के सहयोग से गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा सिखों के पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव जी महाराज का शहीदी पर्व 18 जून को डेरा कारसेवा गुरुद्वारा में मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरमत समागम सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसमें देशभर से आए रागी ढाडी जत्थे गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर अटूट लंगर बरता जाएगा।

गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि इसके लिए तैयारी की जा रही हैं।

# खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश, विद्यालयों में स्वच्छता को लेकर गंभीरता

**सख्त निर्देश**

**उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 22 अप्रैल (विजय कौशिक) :** लाडवा खंड शिक्षा अधिकारी लाडवा डॉ. ऋषिपाल भारद्वाज द्वारा मिड-डे मील (ढट पोषण योजना) को लेकर महत्वपूर्ण एवं सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विद्यालयों को निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करना होगा।

डॉ. ऋषिपाल भारद्वाज ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कुक-कम-हेल्पर स्कूल में निर्धारित यूनिफॉर्म पहनकर ही उपस्थित हों, जिससे स्वच्छता एवं अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल किचन में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि भोजन तैयार करते समय स्वच्छ वातावरण बना रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बच्चों को केवल साफ और स्वच्छ बर्तनों में ही भोजन परोसा जाए। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना है, इसलिए गुणवत्ता और स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

खंड शिक्षा अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी विद्यालय में गंदगी, अस्वच्छ किचन या नियमों की अनदेखी पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इन निर्देशों से स्पष्ट है कि शिक्षा विभाग विद्यालयों में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# जिला में 7 लाख 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला की मंडियों में गेहूं की आवक अंतिम चरण में है। गेहूं खरीद कार्य पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा द्वारा स्वयं अनाज मंडियों का दौरा किया गया है और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी रखें, किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आने दी जाए तथा मंडियों से गेहूं का उठान समय पर सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त ने बताया कि अब तक जिला में करीब 7 लाख 50 हजार मीट्रिक टन की आवक विभिन्न खरीद केंद्रों व मंडियों में हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 687178 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 277063 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 309766 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 96575 मीट्रिक टन तथा एफसीआई द्वारा 3774 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया, जिसमें से 315695 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया गया है।

# दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के लिए लगाए जाएं मूल्यांकन कैंपः डा. आनंद

**निर्देश**

**-सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।**

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए जिला रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से ब्लॉक स्तर पर मूल्यांकन कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि दिव्यांगजनों को आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाए जा सकें।

डीसी शर्मा ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ रेडक्रॉस के माध्यम से चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं, सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर ने बताया कि दिव्यांगों के लिए कैंप आयोजित करने की योजना तैयार की गई है, जिसके तहत जल्द ही ब्लॉक स्तर पर कैंप आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2026-27 के लिए मूल्यांकन शिविर मई 2026 में एलमीको की सहायता से आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने पिछले वर्ष की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सीएसआर के अंतर्गत गत वर्ष 2025-26 के दौरान दिव्यांग व्यक्तियों को 1 करोड़ 52 लाख रुपये मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें मोटराइज्ड, ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, कानों की मशीन इत्यादि कृत्रिम उपकरण शामिल हैं। रेडक्रॉस की स्वयं की कार्यशाला में निर्मित 95 सहायक उपकरण-उपकरण विकलांग व्यक्तियों को निशुल्क वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान 174 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए और उनमें 11032 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# गायत्री विद्या पीठ में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गायत्री विद्या पीठ गन्नौर में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वृक्षारोपण अभियान से हुई, नन्हे छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के गार्डन में विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे रोपे। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ भी ली। इसके साथ ही बच्चों ने आकर्षक कार्ड बनाकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ता ग्लोबल वार्मिंगइऔर पर्यावरण संरक्षण



विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्राचार्या शकुंतला कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि हमारी माता है, जो हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधन प्रदान करती है।

# अदिति महाविद्यालय में नारी शक्ति और संवैधानिक मूल्यों का भव्य संगम





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर अदिति कॉलेज ऑडिटोरियम, बवाना में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के चीफ विजिलेंस ऑफिसर प्रो. गजेंद्र सिंह, दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय रॉय, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीलम राठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के विचारों और संघर्षों का समुचित अध्ययन आज भी समाज में व्यापक रूप से नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए अपने जीवन को महान बनाया और देश को एक मजबूत संवैधानिक आधार प्रदान किया। उन्होंने सभी से संविधान और बाबा साहेब के विचारों का गंभीर अध्ययन करने का आह्वान किया।

मंत्री महोदय ने कहा कि ह्लशिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहोह्व का संदेश किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए है। उन्होंने जय भीमे के वास्तविक अर्थ को समरसता, समानता और सामाजिक न्याय से जोड़ते हुए कहा कि समाज को विभाजनकारी सोच से ऊपर उठकर एकजुटता की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि आज का भारत जिस सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है, उसका आधार संविधान है। युवाओं से उन्होंने आह्वान किया कि वे संविधान को पढ़ें, समझें और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनें। रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए और विभाजनकारी विचारों से दूर रहे। उन्होंने बल देते हुए कहा कि बाबा साहेब और संविधान को समझना हमारे जीवन का मूल आधार होना चाहिए, क्योंकि यही हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक समरसता की नींव है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत का संविधान विश्व के सबसे उत्कृष्ट संविधानों में से एक है, जो विविधताओं से भरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। इतने विशाल, बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक देश में एकता बनाए रखना केवल संविधान की शक्ति से संभव हुआ है।

## रेखा सरकार दिल्लीवालों को 440 वोल्ट का झटका देने की तैयारी कर रही हैः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार जल्द बिजली की दरों में सहमति देकर दिल्लीवालों को 440 वोल्ट का झटका देने जा रही है क्योंकि बिजली अपीलेट ट्रिब्यूनल (एपीटीईएल) ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें डीईआरसी ने 38500 करोड़ की बकाया राशि बिजली वितरण कम्पनियों-डिस्कॉम से वसूली करने का समय मांगा था, ताकि बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली दरें बढ़ने का दबाव न पड़े, लेकिन दिल्ली सरकार की



निष्क्रियता के कारण चुकाने सरकार के नियंत्रण वाली बिजली अपीलेट ट्रिब्यूनल ने सुप्रीम कोर्ट के अगस्त 2025 के आदेश बिजली कम्पनियां से पुराना बकाया 4 साल की अवधि में वसूला जाए, जबकि डीईआरसी ने इसकी अदायगी के लिए 7 वर्ष की मांग की थी। अगर बिजली कम्पनियां को सरकार बिजली की दरें बढ़ाने की इजाजत देती है तो बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिलों पर 70 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है, मतलब दिल्ली में रिहायशी और व्यवसायिक बिजली के बिल अप्रैल 2026 से बढ़ने वाले है। उन्होंने कहा कि बिजली कम्पनियों का कहना कि 38500 करोड़ की राशि बिजली उपभोक्ताओं से वसूला जाएगा क्योंकि कई वर्षां से बिजली की दरें नही बढ़ाई है, लेकिन सच्चाई यह है कि लगातार पीपीएसी, सरचार्ज की दरों में बढ़ोत्तरी करके और अधिक गर्मी में महंगी बिजली खरीदने की आड़ में बढ़ी बिजली की दरों के नाम पर पिछले 2-3 वर्षों में बिजली की दरों में 30-40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जा चुकी है।

## महिला आरक्षण बिल पर नेशनल अकाली दल का विपक्ष पर तीखा प्रहार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने से जुड़े महिला आरक्षण बिल के पारित न होने के मुद्दे पर आयोजित प्रेस वार्ता में नेशनल अकाली दल ने विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने इसे देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कहा कि इस तरह के महत्वपूर्ण मुद्दे पर राजनीतिक स्वार्थ हावी होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

पम्मा ने कहा कि महिला आरक्षण केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और लोकतांत्रिक भागीदारी का मूल आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई राजनीतिक दल सार्वजनिक मंचों पर महिला सशक्तिकरण की बातें करते हैं।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर भड़का यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट, टाउन हॉल पर फूंका पुतला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट और राष्ट्रवादी शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने अपना कड़ा रोष व्यक्त किया है। बुधवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने चांदनी चौक स्थित तोपखाना जिला कार्यालय से टाउन हॉल तक विरोध मार्च निकाला और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित इंडी गठबंधन के प्रमुख नेताओं का पुतला फूंका। 'मोदी आतंकी नहीं, आतंकियों के काल हैं' हाथों में तख्तियां और पुतले लिए कार्यकर्ता केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के समर्थन में नारेबाजी करते हुए टाउन हॉल पहुंचे। तख्तियों पर प्रधानमंत्री को




आतंकी कहने वाले होश में आओ और नरेंद्र मोदी आतंकी नहीं, आतंकियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विपक्षी नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।

**दुनिया कर रही सम्मान, विपक्ष कर रहा अपमानः जय भगवान गोयल**
टाउन हॉल पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान कर रही है।

## कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में पृथ्वी दिवस की धूम, विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कुशक नंबर-2 स्थित कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिया संदेश**
कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें आधुनिक जीवनशैली से पृथ्वी को होने वाले नुकसान और




उसके बचाव के उपायों को दिखाया गया। इसके साथ ही, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के जरिए छात्रों ने प्रकृति की सुंदरता और उसके महत्व को रेखांकित किया।

**रचनात्मकता और रिसाइक्लिंग पर जोर**
विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने रंगों के माध्यम से "पृथ्वी बचाओ" के संदेश को कागज पर उकेरा। साथ ही, 'वेस्ट मैनेजमेंट' को बढ़ावा देते हुए छात्रों ने पुराने कागजों का पुनः उपयोग कर आकर्षक कटआउट्स बनाए, जिसकी सभी ने सराहना की।

**वृक्षारोपण और शपथ ग्रहण**
इस अवसर को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर नए पौधे लगाए और उनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी ली।

पृथ्वी हमारा घर है और इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम विकसित होता है।

कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से पृथ्वी को स्वच्छ, हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ ली। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मानसिक स्वास्थ्य पर विजय की कहानीः मैंने डिप्रेशन को कैसे हराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आज के भागदौड़ भरे समय में जहाँ मानसिक तनाव और अवसाद (डिप्रेशन) एक गंभीर वैश्विक समस्या बन चुके हैं, वहीं इस विषय पर एक नई और आशावादी किताब 'मैंने डिप्रेशन को कैसे हराया' का प्रकाशन हुआ है।

यह पुस्तक अमेजन और प्रमुख बुक स्टोर्स पर उपलब्ध है।

यह किताब किसी चिकित्सा विशेषज्ञ की थ्योरी नहीं, बल्कि लेखक के उन निजी अनुभवों का निचोड़ है, जिन्होंने खुद डिप्रेशन की अंधेरी गलियों का सामना किया और उससे सफलतापूर्वक बाहर निकले। पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी संरचना है। इसे 34 अध्यायों में बाँटा गया है, जिसमें हर अध्याय के अंत में 'आज का संकल्प', 'आज का कदम' और प्रेरक हिंदी दोहे दिए गए हैं, जो पाठक को मानसिक शांति की ओर कदम बढ़ाने में मदद करते हैं।

लेखक के अनुसार, "डिप्रेशन कोई बीमारी नहीं है, बल्कि एक ऐसी लड़ाई है जिसे सही मार्गदर्शन और इच्छाशक्ति से जीता जा सकता है।" पुस्तक के अंत में एक विशेष दफकोड भी दिया गया है, जिसे स्कैन कर पाठक 'पॉजिटिव अफमेर्शंस' ऑडियो के रूप में सुन सकते हैं। यह पुस्तक उन सभी के लिए एक आवश्यक साथी है जो अपने मन की शांति और खुशियों को वापस पाना चाहते हैं।

## नारीशक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण में मील का पत्थरः डॉ. यू.के. चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** यमुना विहार स्थित उत्तर पूर्वी जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता में वक्ताओं ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को देश की आधी आबादी के लिए ऐतिहासिक और दूरगामी परिणाम वाला कदम बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. यू.के. चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

**विपक्ष का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण**
प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. यू.के. चौधरी ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह विधेयक महिलाओं को समान अवसर और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए कहाः "कुछ विपक्षी दलों द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह करोड़ों महिलाओं की प्रगति के मार्ग में बाधा डालने का प्रयास है। यह विरोध उन आकांक्षाओं के विपरीत है जो वर्षों से समान प्रतिनिधित्व की मांग कर रही थीं।"

**शीर्ष नेतृत्व ने रखा अपना पक्ष**
प्रेस वार्ता में उपस्थित विभिन्न नेताओं ने अधिनियम की बारीकियों और इसके महत्व पर प्रकाश डालाः

**सत्या शर्मा (स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन)ः** उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में निर्णय लेना चाहिए। महिलाओं को उनका अधिकार देना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है।

**लता गुप्ता व सारिका जैनः** उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते इस अधिनियम का विरोध करना समाज के विकास को पीछे ले जाने जैसा है।

## आजादपुर मंडीः आला अधिकारियों ने सुनीं आढ़तियों की समस्याएँ, समाधान का दिया भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** एशिया की सबसे बड़ी फल एवं सब्जी मंडी, आजादपुर मंडी के आढ़तियों की समस्याओं को लेकर एपीएमसी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने आढ़तियों के साथ सीधा संवाद किया और मंडी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की।

**मंडी की बुनियादी सुविधाओं पर उठा सवाल**
बैठक के दौरान आढ़तियों ने मंडी प्रशासन के सामने कई गंभीर मुद्दे रखे। आढ़तियों का कहना है कि



मंडी परिसर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण व्यापार और आवाजाही में काफी परेशानी होती है। इसके अलावा, पीने के पानी की किल्लत और स्वच्छता को लेकर भी शिकायतें दर्ज कराई गईं।

**प्रमुख मांगेंः** मंडी में स्थित सभी प्याऊ पर आरओ सिस्टम लगाए जाएं। गर्मियों को देखते हुए पानी ठंडा करने के लिए मशीनों की व्यवस्था की जाए। व्यापारिक बाधाओं को दूर किया जाए ताकि आड़ती अपना माल सुचारू रूप से बेच सकें।

**अधिकारियों ने दिया आश्वासन**
आढ़तियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आला अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि मंडी प्रशासन उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील है।

**अधिकारियों ने कहाः** आपकी सभी जायज मांगों को नोट कर लिया गया है। बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना हमारी प्राथमिकता है और जल्द ही इन समस्याओं का उचित समाधान निकालने की हर संभव कोशिश की जाएगी।

*कचरा प्रबंधन, नालों की गाद निकाले जाने के कार्य और अवसंरचना विकास पर फोकस*

## एमसीडी आयुक्त ने सेंट्रल जोन में गहन सफाई अभियान के दिए निर्देश

**निर्देश**

आयुक्त ने सुचारू जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए इन कार्यों को लक्षित समय पर पूरा करने पर जोर दिया



**तीरथ राज/एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त, संजीव खिरवार ने सेंट्रल जोन के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की और प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा, जोन के उपायुक्त शाश्वत सौरभ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

आयुक्त ने बदरपुर के ताजपुर पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण कर कचरा प्रबंधन केंद्र विकसित करने की संभावनाओं का जायजा लिया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ और बेहतर करना है। मुस्लिम कैंप नाला, महारानी बाग और डिफेंस कॉलोनी सहित प्रमुख नालों में चल रहे गाद निकाले जाने के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

आयुक्त ने जलभराव रोकने और सुचारू जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए इन कार्यों को लक्षित समय पर पूरा करने पर जोर दिया। कालकाजी स्थित पूर्णिमा सेठी मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें जोन की अध्यक्ष योगिता सिंह की उपस्थिति में अस्पताल से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान पर चर्चा हुई।

इसके अतिरिक्त, डिफेंस कॉलोनी में सीएमडीएफ योजना के तहत चल रहे डेंस कार्पेट रोड प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया गया, ताकि गुणवत्ता और कार्य की प्रगति समयानुसार सुनिश्चित की जा सके। आयुक्त ने सेंट्रल जोन में समुचित स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए गहन सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इन गतिविधियों को सहायक आयुक्त और कार्यकारी अभियंता (ईई), वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में टीमें क्रियान्वित करेंगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी चल रहे डी-सिल्टिंग कार्य, जिसमें गाद उठाने के कार्य शामिल है, निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। फील्ड इंजीनियरों को सभी सिविल कार्यों का नियमित निरीक्षण करने और सख्त गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी जोर दिया कि सभी परियोजनाओं में समयबद्ध क्रियान्वयन और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जवाबदेही तय की जाएगी।

## गांवों में बढ़ते पार्किंग संकट पर ठोस नीति बनाने की मांगः पंचायत संघ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली पंचायत संघ की दिल्ली देहात व गांव ग्रामीणों की समस्याओ को लेकर पंच प्रमुखों की बैठक हुई इसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री से सभी गांवों व ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती पार्किंग समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने और ठोस समाधान लागू करने की मांग की है।

संघ का कहना है कि दिल्ली के गांवों में तेजी से हो रहे शहरीकरण के चलते पार्किंग की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, जिससे विवाद की स्थिति ज्यादा उत्पन्न हो सकती है।



पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली के अधिकांश गांवों की संरचना संकरी गलियों वाली है, जहां बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के कारण पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रत्येक गांव में व्यवस्थित पार्किंग की योजना बनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

पंचायत संघ पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मुख्य मार्गों पर अवैध पार्किंग की समस्या बढ़ती जा रही है, जिसका एक बड़ा कारण डीडीए द्वारा विकसित रिहायशी कॉलोनियों के मुख्य मार्गों का व्यावसायिक उपयोग है। इससे यातायात बाधित हो रहा है और स्थानीय निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली के सभी गांवों में प्राथमिकता के आधार पर पार्किंग की स्थायी व्यवस्था की जाए। ग्राम सभा कृषिभूमि का उपयोग पार्किंग स्थलों के विकास के लिए किया जाए।

# भाजपा महिला मोर्चा कांग्रेस पार्टी का किया पुतला दहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला/जगाधरी**
भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला यमुनानगर द्वारा जगाधरी के मटका चौक पर संसद में महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक के दो तिहाई बहुमत से पास ना होने पर कांग्रेस और इंडी गठबन्धन पर तीखा हमला बोला गया व उनके पुतले का दहन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर ने कहा कि 17, अप्रैल का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सकता था, लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों की सुनियोजित साजिश के चलते यह लोकतंत्र का एक ह्नकाला दिनह्न बन गया। 17, अप्रैल- 2026 को संसद में ह्ननारी शक्ति वंदनह्न केवल एक विधेयक ही नहीं गिरा, बल्कि विपक्ष का देश की 70 करोड़ माताओं, बहनों और बेटियों की आकांक्षाओं और सपनों पर सीधा




प्रहार था। यह दिन देश के सामने यह स्पष्ट कर गया की कौन नारी सशक्तिकरण के पक्ष में खड़ा है और कौन उसके रास्ते में बांधा बनकर अड़ा है।भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर ने कहा कि जिला यमुनानगर में सभी जगह भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस एवं विपक्षी दलों का जबरदस्त विरोध किया जाएगा व आम जनता को बताया जाएगा कि भाजपा में ही महिलाओं को सबसे ज्यादा उचित मान सम्मान प्राप्त होता है, भाजपा ने अपने पार्टी संगठन में भी महिलाओं को आरक्षण प्रदान करके आगे बढ़ने का कार्य किया है।

नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपनी विरासत पार्टी कार्यकताओं को सौंपने के बजाय अपनी बेटी इंदिरा गांधी को आगे किया। वहीं आज उसी परिवार के राहुल गांधी को अवसर मिला तो उन्होंने आम महिला कार्यकर्ता को आगे बढ़ाने के बजाय अपनी बहन प्रियंका को सांसद बनाया। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता दशार्ती है कि ये लोग परिवारवाद से बाहर नहीं निकलना चाहते और अपने परिवार के अलावा किसी आम महिला को संसद में पहुंचा कर जनता की सेवा का अवसर नहीं देना चाहते। यह पूरा मुद्दा ह्नपरिवारवाद बनाम सामान्य महिलाह्न की लड़ाई को उजागर करता है। विपक्ष नहीं चाहता कि गांव,गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाएं संसद में पहुँचें, क्योंकि इससे उनकी पारिवारिक और वंशवादी राजनीति को चुनौती मिलेगी।

पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद ने विपक्षी दलों के रवैये पर कड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने दो तिहाई बहुमत से विधेयक पास ना होने के बाद जश्न मनाया, जयघोष किया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है, बल्कि देश की नारी शक्ति का घोर अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं को रोकने के लिए अपनी ही महिला जनप्रतिनिधियों को आगे करके महिलाओं के हक को छीनने का काम किया है। पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद ने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ी है और उन्हें उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया है ,भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च रखने वाली पार्टी है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिलाओं को राजनीतिक अधिकार देने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी शक्ति वंदन बिल लेकर आए और सभी सांसदों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समर्थन की अपील की, लेकिन विपक्ष ने महिलाओं के हितों के बजाय राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी। उन्होंने विश्वास जताया कि मोदी जी और भाजपा महिलाओं को उनका हक दिलाकर रहेंगे । इस दौरान जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा,भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद, भाजपा नेत्री सुनीता शर्मा,पार्षद रीना रस्तोगी,चेयरम मैन विपुल गर्ग,मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा, पार्षद अंकित गोयल, दीक्षा बरार, पारूल गुप्ता,मनीषा अग्रवाल, पूजा मोंगा , ऊमा शर्मा, पूनम अग्रवाल, दीपक शर्मा, गीता कपूर,विभा गुप्ता, सीमा गुलाटी, मनोरमा चौधरी, विनय अग्रवाल, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग ,जय प्रकाश, कुनाल भारद्वाज, पंकज मंगला,सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व आमजन साथ रहे।

# ज्योतिबा फुले व अम्बेडकर जयंती समारोह मनाया




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)** स्थानीय नई संगम कॉलोनी गीता मंदिर के पीछे ठेकेदार धर्मपाल बौद्ध द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जयंती को भव्य तरीके से मनाया गया।कार्यक्रम में विभिन्न बुद्धिजीवियों द्वारा सम्बोधित किया गया। सभी बुद्धिजीवियों द्वारा समाज कल्याण समाज जागरण हित बात को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब एवं राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले की शिक्षाओं को अपनाने का समय आ गया है आज इनकी शिक्षाओं को अपनालों अन्यथा फि र देर हो जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राचार्य साहब सिंह रंगा द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक और आयोजक ठेकेदार धर्मपाल बौद्ध ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरमनाथ रिटायर क्ऊअर, अति विशिष्ट अतिथि आर के पोडिया, विशिष्ट अतिथि जयबीर रंगा, मुख्यवक्ता कार्यकर्ता पी पी कपूर रहे। कार्यक्रम के आयोजकः ठेकेदार धर्मपाल बौद्ध रहे। मंजीत मेहरा ने अपने गीतों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मास्टर अजमेर आर्य, भीम सिंह, साहब सिंह रंगा, रामफल कारकोली, रतन लाल रंगा, राजू दहिया, सुभाष दुग्गल, ओम प्रकाश कटारिया, डॉक्टर सुशील कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस चौकी कलानौर की पुलिस टीम ने गो वंश की तस्करी करने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**पुलिस** प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए पुलिस चौकी कलानौर की पुलिस टीम ने गो वंश की तस्करी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



आरोपियों से दो बैल बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चौकी इंचार्ज राजीव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति अपनी गाड़ी में गौ वंश को लाद कर उत्तर प्रदेश की तरफ जाएंगे। इस सूचना परतुरंत एक टीम का गठन कर नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर बाद अंबाला की तरफ से एक गाड़ी ल्फ-633 – 0278 महिंद्रा पिकअप आती दिखाई दी। जिसको पुलिस पार्टी ने जब रोककर चेक किया तो गाड़ी में दो बैल लादे हुए थे। पूछताछ पर चालक ने अपना नाम हरदेव सिंह पुत्र कर्म सिंह वासी गांव अलीपुर जिला पंचकूला तथा साइड में बैठे हुए आदमी ने अपना नाम मदन पाल पुत्र झंडू सिंह वासी गांव भारु वाला जिला हरिद्वार बताया। आरोपी बरामद बैलों का कोई लाइसेंस, परमिट तथा गौ वंश का मेडिकल पेश नहीं कर सके। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### फर्जी प्रमाण पत्र के खेल पर स्वास्थ्य विभाग की सख्ती, कई अस्पतालों पर कार्रवाई



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती बढ़ाते हुए बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। विभाग का दावा है कि लगातार निगरानी और संगठित अभियान के चलते फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों के खेल पर काफी हद तक रोक लगी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि पहले इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं, लेकिन अब शिकंजा कसने के बाद हालात में सुधार हुआ है। डिप्टी सीएमओ डॉ. मनप्रीत तेवतिया ने बताया कि उनके कार्यभार संभालने से पहले फर्जी प्रमाण पत्रों और अवैध गतिविधियों की शिकायतें ज्यादा मिल रही थीं। इसके बाद विभाग ने अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा कि पहले एमटीपी किट के जरिए अवैध गर्भपात और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने जैसे मामलों की शिकायतें सामने आती थीं, जिन पर अब काफी हद तक लगाम लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि पुनहाना का एक निजी अस्पताल इस तरह के मामलों को लेकर काफी चर्चित था, जिस पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा। इसके साथ ही कई अन्य अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए। फिरोजपुर झिरका में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई। हाल ही में फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में शिकायत मिलने पर जांच कर केस दर्ज कराया गया। जांच में सामने आया कि जहां जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण किया जा रहा था, वह स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर दर्ज ही नहीं था। डॉ. तेवतिया ने स्पष्ट किया कि जहां-जहां से शिकायतें मिल रही हैं। वहां किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# केबी स्कोलर स्कूल लाड़वा में मनाया पृथ्वी दिवस




**लाड़वा (विजय कौशिक) : KBS** स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक सुभाष जिंदल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा इस प्रकार के आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और यह संदेश देना था कि हमें अपनी धरती की रक्षा के लिए सदैव सजग रहना चाहिए। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में भारत विकास परिषद की सदस्याएँ श्रीमती पल्लवी सिंगल जी एवं श्रीमती शुभांगी जी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने निष्पक्ष निर्णय लेते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार तथा दो सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए।

# कोणार्क अकादमी में मनाया पृथ्वी दिवस

**लाडवा 22 अप्रैल (विजय कौशिक) :** लाडवा स्थित कोणार्क अकादमी में पृथ्वी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी की महत्ता पर आधारित प्रार्थना और गीत प्रस्तुत किए। इस विशेष अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी संरक्षण से जुड़े विविध कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली भाषणों के जरिए लोगों को पर्यावरण बचाने के प्रति जागरूक किया। रंग-बिरंगे पोस्टरों




और स्लोगनों के माध्यम से उन्होंने ह्नसेव अर्थ, सेव फ्यूचरह्न का संदेश दिया। इसके साथ ही नृत्य, नाटक और कविताओं के माध्यम से प्रकृति के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। एक लघु नाटिका ने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिसमें प्रदूषण के दुष्प्रभाव और उसके समाधान को दशार्या गया।

विद्यालय की प्राचार्या महोदय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण की जिम्मेदारी समझाते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने जैसे पानी की बचत, बिजली का संयमित उपयोग तथा प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक महोदय रर शर्मा जी ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यदि हम आज से ही पर्यावरण के प्रति सजग नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से अपील की कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने और पर्यावरण सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

# बाल भारती स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर हरित भविष्य का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** श्री विद्यासागर बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस अत्यंत उत्साह, उमंग और सार्थक संदेशों के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने कविताओं,



प्रभावशाली भाषणों, मधुर सामूहिक गान तथा मनमोहक नृत्य के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। प्रत्येक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी को पर्यावरण की महत्ता का एहसास कराया और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। यह पहल बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण के प्रति उनके दायित्व को समझाने का एक सराहनीय

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर के फर्कपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह स्कूटी पर घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान यमुनानगर गांव रटौली निवासी राम सिंह के रूप में हुई है, जो एक निजी कंपनी में कार्यरत थे और साथ ही डेयरी का कार्य भी संभालते थे। घटना के समय वह अपने छोटे भाई विक्रम के साथ यमुनानगर से घरेलू सामान खरीदकर लौट रहे थे।

# ऑनलाइन स्वजनगणना अभियान जारी, घर बैठे भरें जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि स्व जनगणना का कार्य किया जा रहा है और इस कार्य में हमें आगे आकर अपना दायित्व निभाते हुए जिले में स्वजनगणना का शत प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करवाना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्वयं अपने कार्यालय में ऑन लाईन प्रक्रिया के माध्यम से स्वयं अपनी स्वजनगणना का कार्य करते हुए दूसरों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि इसके लिए ऑफिशियल वैबसाईट पर जाए और अपने और अपने परिवार, मकान व अन्य जानकारी स्वंय ही दर्ज करें। इस प्रक्रिया को करने में मात्र 15-20 मिन्ट का समय लगता है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप घर बैठे ही अपनी इच्छा से अपने व अपने परिवार, आवास और अन्य जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भले ही भविष्य में प्रगणक आपके निवास पर आएगा लेकिन आप अग्रिम तौर पर ही अपनी

**स्वजनगणना**

**हमें आगे आकर अपना दायित्व निभाते हुए जिले में स्वजनगणना का शत प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करवाना है**

जानकारी स्वंय भरकर प्रस्तुत कर दें। इस प्रक्रिया के लिए आप घर बैठकर ही मोबाइल व इंटरनैट का पूरा प्रयोग करते हुए इस कार्य को सुगमता से कर सकते हैं।

उन्होंने जिलावासियों आग्रह करते हुए की सभी स्वगणना के महत्व को समझें और इस कार्य में आगे आकर अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पोर्टल 30 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इसके दृष्टिगत वह इस प्रक्रिया में अपना योगदान दें। जिला सांख्यिकी अधिकारी विकास बजाज ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में स्वगणना का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है।

# बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में पृथ्वी दिवस का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में प्रातः कालीन सभा में जितेंद्र राठी की देखरेख में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने भाषण, कविताएं, नाटक, गीतों की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत कक्षा नौवीं व ग्यारहवीं इंटर हाउस डिस्प्ले बोर्ड सजाओ व कैरम बोर्ड प्रतियोगिता, कक्षा चौथी से आठवीं खो-खो खेल प्रतियोगिता , इसके साथ ही इंटर क्लास फैब्रिक पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। जहां खो- खो खेल प्रतियोगिता में



सभी सदनों से 12-12 खिलाड़ी शरीक हुए वहीं कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में दो-दो बच्चों ने शिरकत की ।प्रधानाचार्य अनिल कुमार की स्वीकृति से खेल का प्रारंभ किया गया । सभी खिलाड़ियों का जोश काबिले- तारीफ रहा । स्कोरर खेल शिक्षक विकास ,समय नियंता सतेन्द्र व रेफरी की भूमिका सुरेंद्र ने बखूबी निभाई । जोरदार प्रदर्शन के बाद परिणाम इस प्रकार रहा । प्रथम स्थान रोज हाउस, द्वितीय स्थान डेजी हाउस, व तृतीय स्थान सनफ्लावर हाउस ने प्राप्त किया कैरम खेल में प्रथम स्थान डेजी हाउस, द्वितीय स्थान रोज हाउस, व तृतीय स्थान लोटस हाउस ने प्राप्त किया । डिस्प्ले बोर्ड सजाओ में प्रथम स्थान लोटस हाउस,द्वितीय स्थान सनफ्लावर हाउस व डेजी हाउस को तो तृतीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा । कुमारी नेहा के सान्निध्य में की गई फैब्रिक पेंटिंग में प्रथम स्थान दक्ष 11वींइ ,द्वितीय स्थान सारिका व पायल व तृतीय स्थान लावण्या 9वीं उ ने प्राप्त किया।

अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है जिसमें विद्यार्थियों को अपनी - अपनी रुचि के अनुसार भाग लेना चाहिए जिनसे विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से मजबूत रह सके।

# श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों और संस्कारों से सुसज्जित द्वितीय दिवस उत्साह पूर्वक संपन्न

**समालखा (संजय नरवाल)**
उत्तरांचल प्रभारी , गीता परिवार मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में चल रहे गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नांगल खेड़ी, पानीपत में बाल संस्कार शिविर का द्वितीय दिवस अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। दिन की शुरूआत प्रार्थना एवं श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों के उच्चारण से की गई ,जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बन गया। दूसरे दिन बच्चों को अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया। सभी



बच्चों के साथ मिलकर सूर्य नमस्कार और प्राणायाम जैसी गतिविधियां करवाई गई । श्रीमद्भगवत गीता के 12 वें अध्याय के श्लोकों का गायन किया गया। सभी बच्चों को ईमानदारी ,नैतिक मूल्य ,सहनशीलता व चरित्र निर्माण कैसे हो, ऐसे बहुमूल्य विचारों के साथ अवगत कराया गया। हनुमान चालीसा प्रश्नोत्तरी में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिससे यह साबित हुआ कि बच्चे इस शिविर का उत्साहपूर्वक आनंद ले रहे हैं। इसके साथ ही संस्कार गीत, समूह गतिविधियां और प्रेरक कहानियां के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा प्रदान की गई।

# कलाकार गीतों के माध्यम से कर रहे आमजन को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** हरियाणा सरकार के महिलाओं के उत्थान और नारी सशक्तिकरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों द्वारा गीतों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग के कलाकारों ने बुधवार को गांव खानपुर, नगला रोडान, में गीतों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। डीआईपीआरओ सत्यवान महिवाल ने बताया कि विभाग के कलाकारों द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी



योजनाओं की जानकारी देना है। कलाकार अपने लोक गीतों के माध्यम से ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और महिला सुरक्षा के लिए टोल-फ्री नंबरों की जानकारी, मुद्रा योजना और अन्य सब्सिडी वाली ऋण योजनाओं के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं।

विभागीय कलाकारों ने गांव बुढनपुर, धमनहेड़ी, बीबीपुर जाटान, शाहपुर, गढ़ी जाटान, बड़ा गांव, खानपुर, नंगला रोडान, में गीतों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। डीआईपीआरओ ने बताया कि इन कार्यक्रमों को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। चौपालों और सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया समझ रही हैं। विभाग की इस पहल से न केवल जागरूकता बढ़ रही है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार भी हो रहा है।

**इन योजनाओं की दे रहे जानकारी**
विभागीय कलाकार अपने गीतों के माध्यम से ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और महिला सुरक्षा के लिए टोल-फ्री नंबरों की जानकारी, मुद्रा योजना और अन्य सब्सिडी वाली ऋण योजनाओं के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना केंद्र सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन तकनीक से जोडकर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और कृषि आधुनिकीकरण के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत 15,000 महिला समूहों को ड्रोन खरीदने के लिए आठ लाख रुपये तक की सब्सिडी (80 प्रतिशत) और ड्रोन पायलट का 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है। लखपति दीदी योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान करके उनकी वार्षिक पारिवारिक आय को एक लाख रुपये या उससे अधिक (10 हजार रुपये से अधिक मासिक) तक पहुंचाना है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 23 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

# आदर्श नगर में गूँजे भगवान परशुराम के जयकारे, भजन संध्या से भक्तिमय हुआ माहौल









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आदर्श नगर क्षेत्र के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष भी अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में आदर्श नगर, मजलिस पार्क, केवल पार्क और आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**युवाओं की बाइक रैली और महिलाओं का जोश**

जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने केसरिया साफे पहनकर बाइक रैली निकाली, वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में धर्म ध्वजा लेकर पैदल यात्रा का हिस्सा बनीं।

पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी और स्थायी गणमान्य भी शामिल हुए।

**हवन और भक्ति संगीत की सरिता**

शोभा यात्रा के अगले दिन सुबह दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा की ओर से विधिवत



हवन-पूजन का आयोजन किया गया। विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच उपस्थित अतिथियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके पश्चात आयोजित भजन संध्या में कलाकारों ने भक्ति गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**समाज को दिया एकजुटता का संदेश**

इस धार्मिक समागम में सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियों ने भी शिरकत की। संस्था के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के शस्त्र और शास्त्र के समन्वय वाले आदर्शों पर प्रकाश डाला। आयोजकों ने बताया कि भगवान परशुराम जी का जीवन समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना और धर्म की रक्षा करना सिखाता है। आज के समय में समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है।

कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए प्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय निवासियों और संस्था के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

**ये लोग रहे मौजूदः** इस मौके पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, पूर्व विधायक पवन शर्मा, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, आजादपुर वार्ड की पार्षद सुमन शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन व सभा के संरक्षक नवीन त्यागी के अलावा सभा के अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, महंत अनिल शर्मा, हरीश भारद्वाज, उमेश शर्मा, चन्दशेखर शर्मा, सुभाष दीक्षित, सीताराम शर्मा, सीपी शर्मा, मुकेश कौशिक, विजेन्द्र शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





**नवीन त्यागी, संरक्षक:** भगवान परशुराम किसी एक जाति के नहीं, बल्कि न्याय के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों और आततायी शक्तियों का अंत किया। आज जब हम उनका जन्मोत्सव मनाते हैं, तो हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करेंगे।



**अरविन्द शर्मा, अध्यक्ष:** हमारा उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। भगवान परशुराम ने हमेशा शस्त्र और शास्त्र के संतुलन पर जोर दिया। आज के युवाओं को शिक्षा (शास्त्र) के साथ-साथ अपने अधिकारों की रक्षा (शस्त्र) के लिए मानसिक रूप से सुदृढ़ होना चाहिए।





**हरीश भारद्वाज, महासचिव:** आदर्श नगर के केवल पार्क में मनाया गया यह जन्मोत्सव इस बात का प्रतीक है कि आधुनिकता के दौर में भी हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ें बेहद मजबूत हैं। यह आयोजन एकता, शक्ति और भक्ति का एक अनूठा संगम साबित हुआ।



**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया समाचार पत्र:** परशुराम जी भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और वे 'अमर' (चिरंजीवी) माने जाते हैं। उनके जीवन का दर्शन है कि शक्ति का उपयोग हमेशा धर्म और न्याय की स्थापना के लिए होना चाहिए, अहंकार की संतुष्टि के लिए नहीं।





**चन्दशेखर शर्मा, वरिष्ठ पदाधिकारी, ब्राह्मण सभा :** भगवान विष्णु के छठे अवतार, 'अक्षय' शक्ति के पुंज भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव केवल एक समुदाय का पर्व नहीं, बल्कि समूची मानवता के लिए न्याय और आत्मसम्मान के पुनर्जागरण का दिन है।



**उमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष:** मैंने कई वर्षों से इस क्षेत्र में जन्मोत्सव देखा है, लेकिन इस बार की भव्यता निराली थी। केवल पार्क का कोना-कोना भक्तिमय हो गया। जब पूरा समाज एक साथ मिलकर प्रभु की आरती करता है, तो क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।








